उज्जैन
सोमवार
12
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-71
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



खुशी कपूर-वेदांग रैना के ब्रेकअप का दावा दोनों दो साल तक डेट करने के बाद अलग हुए



## भगवा है अपनी पहचान के जरिए, गूंजेगा आरएसएस का स्वर्णिम इतिहास

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बनाई जा रही बहुप्रतीक्षित फिल्म 'शतक - 100 इयर्स ऑफ आरएसएस' ने



अपनी सांस्कृतिक और कलात्मक यात्रा की ओर एक बड़ा कदम बढ़ाया है। रविवार को राजधानी दिल्ली स्थित केशव कुंज में आयोजित एक गरिमामय और भव्य समारोह के दौरान आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इस फिल्म के पहले प्रेरणादायक गीत 'भगवा है अपनी पहचान' का आधिकारिक लोकार्पण किया। यह अवसर न केवल भारतीय सिनेमा के लिए बल्कि देश के सांस्कृतिक पटल के लिए भी ऐतिहासिक माना जा रहा है क्योंकि यह फिल्म संघ की स्थापना से लेकर उसके एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बनने तक की अनकही कहानियों को पर्दे पर उतारने का प्रयास है।

## ईरान में आग और आक्रोश का विस्फोट, विरोध प्रदर्शनों में दो सौ से ज्यादा मौतें

**वाशिंगटन।** ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों ने रविवार को दो सप्ताह पूरे कर लिए और इस दौरान हिंसा, दमन और टकराव की घटनाओं में मरने वालों की संख्या 200 के पार पहुंच गई है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और विपक्षी समूहों का दावा है कि देश के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा बलों की कार्रवाई, झड़पों और गोलीबारी में बड़ी संख्या में नागरिकों की जान गई है, जबकि सरकार इन आंकड़ों को खारिज करती रही है। राजधानी तेहरान समेत कई प्रमुख शहरों में रविवार को भी प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर नारेबाजी की, अलाव जलाए और सरकार के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया, जबकि इंटरनेट और संचार सेवाओं पर कड़े प्रतिबंध जारी रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर खत्म करना चाहिए, भारत सरकार पाकिस्तान से बातचीत करे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि भारत को तुरंत ऑपरेशन सिंदूर खत्म करना



चाहिए और पाकिस्तान के साथ बिना किसी देरी के बातचीत की मेज पर लौटना चाहिए। अय्यर ने ये बात एक इंटरव्यू में कही है। इसका वीडियो रविवार को सामने आया है। उनके बयान पर जवाब देते हुए बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस को इस्लामाबाद नेशनल कांग्रेस बताया। उन्होंने कहा- कांग्रेस बार-बार पाकिस्तान को क्लीन चिट देती है और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई का समर्थन नहीं करती। कांग्रेस की पहचान, पाक मेरा भाईजान, सेना का करो अपमान।

## यूपी-बिहार वाले महाराष्ट्र में हिंदी न थोपें वरना लात मारूंगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना चीफ राज ठाकरे ने रविवार को आगामी बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनाव को लेकर दादर स्थित शिवतीर्थ मैदान में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मराठी एकता का आह्वान किया और कहा कि राज्य की भाषा, जमीन और पहचान पर खतरा है। राज ठाकरे ने कहा- उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को महाराष्ट्र में हिंदी थोपने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। मुझे किसी भाषा से नफरत नहीं है, लेकिन अगर इसे थोपने की कोशिश करोगे तो मैं आपको लात मारूंगा। एमएनएस प्रमुख ने कहा- कुछ ताकतें अभी भी इस बात से नाराज हैं कि मुंबई, गुजरात के बजाय महाराष्ट्र को मिल गया।

# सांबा, राजौरी और पुंछ में एलओसी पर दिखे 5 ड्रोन

## दावा- पाकिस्तान घुसपैठ की कोशिश में, सेना का काउंटर अटैक, सर्चिंग जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू





जम्मू-कश्मीर के सांबा, राजौरी और पुंछ में पाकिस्तान से लगी सीमा और लाइन ऑफ कंट्रोल के पास रविवार शाम करीब 5 ड्रोन दिखाई दिए।

न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक राजौरी में नौशेरा सेक्टर में तैनात जवानों ने शाम करीब 6.35 बजे गनिया-कलसियां गांव के ऊपर ड्रोन देखा। इसके बाद मीडियम और लाइट मशीन गन से फायरिंग की।

राजौरी के तेरियाथ के खब्बर गांव में शाम 6.35 बजे एक और ड्रोन देखा गया। यह ड्रोन कलाकोट के धर्मसाल गांव की तरफ से आया और आगे भरख की ओर बढ़ गया। वहीं, सांबा के रामगढ़ सेक्टर में चक बबरल गांव के ऊपर शाम करीब 7.15 बजे ड्रोन जैसी चीज कुछ मिनट तक मंडराती दिखी। पुंछ में भी मनकोट सेक्टर में शाम 6.25 बजे तैन से टोपा की ओर ड्रोन जैसी एक और चीज जाती हुई देखी गई।

फॉरवर्ड इलाकों में संदिग्ध ड्रोन की हलचल दिखने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाकों में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इससे पहले 9 जनवरी को सांबा में आईबी के पास घगवाल के पालूरा गांव में हथियार की खेप मिली थी, जिसे पाकिस्तान से आए ड्रोन ने गिराया था। इसमें 2 पिस्तौल, तीन मैगजीन, 16 राउंड और एक ग्रेनेड शामिल था।

देश में गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि इन ड्रोन्स का इस्तेमाल सीमा पर सेना की पोजीशन जानने या फिर आतंकियों के लिए हथियार और नशीले पदार्थ गिराने के लिए किया जा रहा है।

### क्या है ऑपरेशन सिंदूर जो आज भी जारी

सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के 8 महीने बाद ड्रोन पर अटैक किया। ऑपरेशन सिंदूर भारत का सैन्य अभियान था जो 7 मई 2025 को चलाया गया, जिसमें पाकिस्तानी और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक/एयर स्ट्राइक्स की गईं। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया था। यह अभियान 22 अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किया गया था। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। लगभग 25 मिनट के अंदर पाकिस्तान में बहावलपुर, मुरीदके जैसे जैश और लश्कर के 9 ठिकानों को स्ट्राइक करके ध्वस्त किया गया था।

### हिमाचल के सोलन में भीषण आग

## बच्ची जिंदा जली, 8 लोग लापता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अर्की

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के अर्की बाजार में रविवार आधी रात भीषण आग भड़क उठी। इस हादसे में आठ साल की एक बच्ची की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि 8 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों में 2 महिलाएं, 2 पुरुष और 4 बच्चे शामिल हैं, जिससे इलाके में दहशत और चिंता का माहौल बना हुआ है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की शुरुआत बाजार क्षेत्र में स्थित एक रिहायशी दो मंजिला मकान से हुई। इसकी निचली मंजिल में दुकानें और ऊपर वाली मंजिल में नेपाल और बिहार की लेबर रहती थी। कुछ ही देर में आग ने आसपास की दुकानों और अन्य भवनों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान एक के बाद एक कई एलपीजी सिलेंडर फट गए, जिससे आग और भड़क गई। इससे हालात और भी भयावह हो गए। सिलेंडरों के धमाकों की आवाज से पूरे बाजार क्षेत्र में दहशत फैल गई।

## शिक्षकों को चतुर्थ समयमान-क्रमोन्नत वेतनमान देने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

स्कूलों में पढ़ा रहे शिक्षकों को चतुर्थ समयमान-क्रमोन्नत वेतनमान देने की तैयारी चल रही है। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिक्षकों को चतुर्थ समयमान-क्रमोन्नत वेतनमान देने का प्रस्ताव अगली कैबिनेट में भेजा जा रहा है।

कैबिनेट का निर्णय होने के बाद शिक्षकों को वेतन मिलेगा और उनकी आर्थिक समस्याएं खत्म हो जाएंगी। उज्जैन जिले सहित प्रदेश के करीब सवा लाख शिक्षकों को इसका लाभ मिलेगा। वर्तमान में वे तृतीय समयमान पर कार्य



कर रहे हैं। चतुर्थ समयमान क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ 35 साल की सेवा करने वाले शिक्षकों को मिलेगा। इस संबंध में शिक्षक संगठन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर चर्चा तक कर चुके हैं इसके बाद मुख्यमंत्री ने बीते पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को चतुर्थ समयमान क्रमोन्नत वेतनमान देने की घोषणा की दी थी। चार माह से शिक्षक इसका इंतजार कर रहे हैं।

विभाग की ओर से चतुर्थ समयमान देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व में सीधी भर्ती के व्याख्याता और प्राचार्य को चतुर्थ समयमान दे दिया गया है। पदोन्नति की पात्रता रखने वाले सवा लाख शिक्षक, व्याख्याता, प्राचार्य, अध्यापक और सहायक संचालकों को इसका लाभ मिलेगा। चतुर्थ समयमान-क्रमोन्नत वेतनमान से वंचित शिक्षक 3 से 5 हजार रुपये का मासिक नुकसान उठा रहे हैं। आदेश जारी होने के बाद उन्हें हर माह वेतन में इनकी पूर्ति होने लगेगी।

## जैश के पास हजारों फिदायीन, आतंकी मसूद अजहर का दावा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर के नाम से एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस ऑडियो में मसूद अजहर कथित तौर पर दावा करता है कि जैश के पास हमले करने के लिए हजारों आत्मघाती हमलावर तैयार हैं।

हालांकि, इस ऑडियो की तारीख और इसकी सच्चाई की पुष्टि नहीं हो पाई है। ऑडियो में मसूद अजहर यह कहते हुए सुनाई देता है कि उसके संगठन में सिर्फ एक-दो, सौ या हजार लोग नहीं हैं। वो दावा करता है कि अगर असली संख्या बता दी गई, तो शोर मच जाएगा। वो यह भी कहता है कि उसके लड़ाके किसी पैसे, वीजा या निजी फायदे के लिए नहीं लड़ते, बल्कि सिर्फ शहादत चाहते हैं। पाकिस्तानी आतंकी मसूद अजहर 2001 में भारत की संसद पर हुए हमले का मास्टरमाइंड है। इसके अलावा भी उसने भारत में कई आतंकी हमलों को अंजाम दिया है। मसूद 2016 में हुए पठानकोट हमले का भी मास्टरमाइंड है।

## इसरो ने अन्वेषा सैटेलाइट लॉन्च किया

### 600 किलोमीटर ऊंचाई से झाड़ी में छिपे दुश्मन की फोटो ले सकेगा, 2026 का पहला मिशन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ श्रीहरिकोटा

इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ने सोमवार सुबह 10.18 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1 मिशन लॉन्च किया। इस मिशन के तहत पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल-सी62 अन्वेषा सैटेलाइट के अलावा 14 को-पैसेंजर सैटेलाइट लेकर रवाना हुआ।

सभी 15 सैटेलाइट को सूर्य-समकालिक कक्षा में तैनात करने की योजना है। इनमें अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट (ईओएस-एन1) अन्वेषा मुख्य है, जिसे धरती से करीब 600 किलोमीटर ऊपर एसएसओ में स्थापित किया जाएगा। अन्वेषा सैटेलाइट को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने विकसित किया है। यह उन्नत इमेजिंग क्षमताओं से लैस एक स्पाई (खुफिया) सैटेलाइट है, जिसका मकसद सटीक निगरानी और मैपिंग करना है।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
निःशुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ निःशुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### घायल बोला छीने रुपए, पुलिस बोली मारपीट में गिरे

**उज्जैन।** फ्रीगंज क्षेत्र में शनिवार रात युवक के साथ मारपीट की गई और चाकू मारकर रुपए छीन लिये गये। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्जकर रुपए गिरने की बात कहीं है। महाकाल सिंधी कालोनी में रहने वाले राज पिता विकास वर्मा पंचमपुरा क्षेत्र में हेयर सेलून की दुकान चलाता है और वहीं रहने वाले अंकित पासी के साथ रहता है। शनिवार रात 9 बजे के लगभग वह फ्रीगंज पॉकिजा शोरूम के पास चाय की दुकान पर खड़ा था। उसी दौरान अंकित से दुश्मनी रखने वाले यश पासी, लक्की यादव और गब्बू उर्फ अर्थव वहां पहुंचे और राज को अंकित के साथ नहीं रहने की बात पर विवाद करने लगे। राज और उनके बीच कहासुनी बढ़ गई। इस दौरान तीनों ने उसके साथ पहले ताल-घूसों से मारपीट और बाद में जांघ पर चाकू मार दिया। घायल ने बताया कि तीनों ने मारपीट कर उसके पास रखे 7500 रुपए भी छीन लिये है। रात में हुई घटना के मामले में माधवनगर थाना पुलिस द्वारा रविवार दोपहर घायल के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया गया। इस दौरान पुलिस ने बताया कि रुपए छीने नहीं गये है, मारपीट के दौरान गिर गये है। तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### छात्र की मौत के मामले में कार चालक पर केस दर्ज

**उज्जैन।** कर्कराज पार्किंग नृसिंहघाट मार्ग पर शनिवार सुबह हुई दुर्घटना में महाराजवाड़ा स्कूल में कक्षा 9 वीं का अध्ययन करने वाले छात्र जफर खां 16 साल निवासी छोटी तोड़ी रामघाट मार्ग की मौत हो गई थी। उसका दोस्त विश्वदीप निवासी जयसिंहपुरा घायल हुआ था। दोनों एक्टिवा पर सवार थे। महाकाल थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक छात्र का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की थी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें सामने आया कि कार क्रमांक एमपी 09 सीजी 5200 के चालक ने टक्कर मारी थी, जिसके चलते छात्रों की एक्टिवा डिवाइडर से टकरा गई थी। कार नम्बर सामने आने पर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। नम्बर के आधार पर चालक का पता लगाया जा रहा है।

### नागझिरी में 2 भाईयों पर चाकू से हमला

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के मटन मार्केट के पास रविवार रात 9 बजे 2 भाईयों पर एक आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया। दोनों भाई गंभीर घायल हुए है। बताया जा रहा है कि दोनों घायल भाई अरबाज और मोहसिन पिता जाकीर खान है। चाकू से हमला करने वाला सोहल पिता रफीक खान है। घर के सामने रिक्शा खड़ी करने की बात पर विवाद हुआ था। दोनों भाईयों को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। आरोपी पूर्व में भी चाकूबाजी कर चुका है।

### शिल्पा-शमिता शेट्टी ने महाकाल के दर्शन किए

**उज्जैन।** फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी ने उज्जैन स्थित ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए। दोनों बहनों ने श्री महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार रात्रि की शयन आरती में भाग लिया और विधिवत पूजन-अर्चन कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। अभिनेत्रियों के मंदिर परिसर में आगमन पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर ने शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी का स्वागत एवं सम्मान किया। दर्शन के बाद शिल्पा शेट्टी ने कहा कि महाकाल के दर्शन किसी की इच्छा से नहीं, बल्कि बाबा के बुलावे से ही होते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसा लगा जैसे बाबा महाकाल का बुलावा आ गया हो, इसलिए वे तुरंत उज्जैन चली आईं। शिल्पा शेट्टी ने शयन आरती के अनुभव को अत्यंत अद्भुत बताते हुए कहा कि इसकी ऊर्जा को शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है और वे पुनः दर्शन के लिए उज्जैन आना चाहेंगी। शमिता शेट्टी ने बताया कि यह उनकी पहली महाकालेश्वर मंदिर यात्रा थी। उन्होंने कहा कि उन्हें आज महसूस हुआ कि आखिरकार बाबा का बुलावा आ गया। दर्शन के पश्चात उन्हें गहरी शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ।


### सीबीएसई से एमपी बोर्ड में शिफ्ट होने पर टीसी के लिए काउंटर साइन के लिए परेशान न हों

# मंडल ने गाइडलाइन में संशोधन कर स्कूल प्राचार्यों को सौंपे अधिकार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से एमपी बोर्ड में परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को अब ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) पर काउंटर साइन कराने की जरूरत नहीं होगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा संबंधी गाइडलाइन में संशोधन कर यह अधिकार स्कूल प्राचार्य को सौंप दिया है। इससे प्रदेशभर के 10 से 15 हजार विद्यार्थियों को राहत मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं 07 फरवरी से शुरू हो रही हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलों को निर्देश जारी कर दिए हैं। हर साल एमपी बोर्ड की परीक्षाओं में औसतन 18 लाख विद्यार्थी शामिल होते हैं, जिनमें जिले से करीब 50 हजार विद्यार्थी रहते हैं। इसमें नियमित स्कूलों के साथ प्राइवेट परीक्षार्थी भी शामिल होते हैं।



**30-40 हजार विद्यार्थी सीबीएसई से आएंगे**

विद्यार्थियों की पहचान बनाए रखने के लिए परीक्षा से पहले रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। दूसरे बोर्ड और अन्य राज्यों से आने वाले विद्यार्थियों को टीसी और माइग्रेशन पर काउंटर साइन की जरूरत होती है। सीबीएसई की रोक के बाद मंडल ने प्रवेश और परीक्षा फार्म भरने के नियमों में भी संशोधन किया है। एमपी बोर्ड में हर साल 30-40 हजार विद्यार्थी सीबीएसई से आते हैं। इनमें 12वीं में पहुंचने वालों की संख्या ज्यादा है। नियम का सबसे ज्यादा फायदा ऐसे ही विद्यार्थियों को मिलेगा।

**प्राचार्य करेंगे टीसी का वेरिफिकेशन**

सीबीएसई ने देशभर के अपने स्कूलों की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। एमपी बोर्ड स्कूलों के प्राचार्य उसी सूची के आधार पर टीसी का वेरिफिकेशन करेंगे। उन्हें टीसी जारी करने वाले स्कूल का क्रमांक दर्ज करना होगा और एक घोषणा पत्र देना होगा, जिसमें यह उल्लेख रहेगा कि दर्ज की गई जानकारी सही है।

**पूर्व में काउंटर साइन जरूरी था**

पहले दूसरे बोर्ड या अन्य राज्यों से आने वाले विद्यार्थियों को टीसी और माइग्रेशन सर्टिफिकेट पर काउंटर साइन कराना अनिवार्य था। लेकिन, सीबीएसई की रोक के बाद मंडल ने प्रवेश और परीक्षा फॉर्म के नियमों में संशोधन किया है। एमपी बोर्ड में हर साल 30 से 40 हजार विद्यार्थी सीबीएसई से आते हैं, जिनमें 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की संख्या अधिक रहती है। संशोधित नियम का सबसे ज्यादा लाभ इन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगा।

**जिले के सैंकड़ों विद्यार्थियों को राहत**

उज्जैन जिले से भी सैंकड़ों विद्यार्थियों को मंडल के इस आदेश से राहत मिली है। असल में सीबीएसई के विद्यार्थी अच्छे प्रतिशतों के साथ बोर्ड परीक्षा पास करने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा में बैठते हैं। ऐसे में वे डमी एडमीशन का सहारा लेते हैं और इसी के तहत पूर्व में उन्हें काउंटर साईन करवाकर टीसी देना होती थी।

# एसआईआर : 2003 से 2025 की सूची का मिलान फिर भी नोटिस, जानकारी नहीं दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दमदमा निर्वाचन आयोग की ओर से जारी नोटिसों को लेकर दमदमा क्षेत्र के कई मतदाता परेशान हैं। इन मतदाताओं का रिकॉर्ड पूरी तरह सही है। वे साल 2003 की मतदाता सूची से भी जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद नोटिस भेजे हैं। कारण यह है कि फॉर्म भरते समय उन्होंने 2003 की सूची की जानकारी की जगह 2025 की डिटेल भर दी।

अब नोटिस मिलने के बाद उन्हें पोलिंग बूथ पर जाकर दस्तावेज जमा कराने पड़ रहे हैं। वार्ड 52 के पोलिंग बूथ क्रमांक 213 पर इसको लेकर मतदाताओं और मौजूद टीम के बीच काफी देर तक बहस हुई। मतदाताओं का आरोप है कि फॉर्म भरते समय उन्हें न तो सही जानकारी दी गई, न ही 2003 की सूची से मिलान कराया गया। इसी कारण उन्होंने 2025 की सूची की जानकारी भर दी।



सेवानिवृत्त सहायक उप संचालक कृषि बीके शर्मा ने बताया कि परिवार के सभी 7 सदस्यों को नोटिस भेजा गया। जब उन्होंने 2003 की सूची देखी, तो उनकी मेपिंग हो गई। तीन सदस्यों की मेपिंग करवा दी गई है। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान न तो 2003 की सूची दिखाई गई, न ही बीएलओ ने इसकी जानकारी दी।

पड़ोस में रहने वाले रजनीश जैन भी नोटिस मिलने के बाद परेशान होते रहे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र वशिष्ठ ने बताया जब उन्हें पुराने मतदाताओं को नोटिस मिलने की जानकारी मिली, तो वे खुद 2003 की सूची लेकर पोलिंग बूथ पहुंचे। वहां पहुंचे 28 लोगों का रिकॉर्ड 2003 की सूची में मिल गया। इससे साफ है कि सर्वे के दौरान मतदाताओं को 2003 की सूची की जानकारी नहीं दी गई।

सर्वे में 2003 की सूची से ही मेपिंग कराई जाना थी। यह लोगों को भी पता था और मेपिंग हुई।

**- संदीप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी**

# ढाबा रोड की जर्जर सड़क बनी वाहन चालकों के लिए मुसीबत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के कई ऐसे प्रमुख मार्गो की सड़कें है जहां पर प्रतिदिन यातायात का अधिक दबाव रहता है। लेकिन उसके बावजूद भी इन मार्गो की सड़कों की स्थिति नहीं सुधर पा रही है। शहर की कई ऐसी सड़कें हैं जो जर्जर अवस्था में है। ऐसी ही स्थिति पिछले कई दिनों से ढाबा रोड की है। 2 महीने पहले सीवरेज लाइन बिछाने के लिए ढाबा रोड मार्ग की सड़क को कंपनी द्वारा खोदा गया था। इस कारण कई दिनों तक इस मार्ग पर आवागमन भी बंद रहा था। यहां सीवरेज लाइन सहित चैंबर बनाने का कार्य चलता रहा था। लेकिन खास बात यह है कि इस मार्ग पर सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य पूरा होने के बाद ठेकेदार ने इस मार्ग की सड़क को दुरुस्त भी नहीं करवाया। सिर्फ इस मार्ग पर खोदे गए गड्ढों का भराव कर दिया और सड़क की मरम्मत भी नहीं की इस कारण यहां की सड़क जर्जर अवस्था में है जबकि इस मार्ग पर पूरे दिन वाहनों की जबरदस्त आवाजाही रहती है। लेकिन उसके बावजूद भी इस मार्ग की जर्जर सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। इस कारण यह मार्ग बिल्कुल भी चलने लायक नहीं है। ढाबा रोड की सड़क की दुर्दशा यह है कि सड़क पर जो गड्ढे खोदे गए थे उनके भराव में उपयोग किया गया मलबा बिखरा पड़ा है। इसी मलबे के ऊपर से वाहन निकल रहे हैं। ऐसे में मलबे की गिट्टी व पत्थर उछलकर पैदल चलने लोगों के ऊपर लग रहे हैं। जबकि पिछले दिनों निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सीवरेज लाइन बिछाने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की थी और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे कि सीवरेज का कार्य पूरा होने के बाद सड़क को व्यवस्थित रूप से दुरुस्त किया जाए ताकि लोगों को कोई परेशानी ना हो।

### खेती की लागत घटाकर आमदनी बढ़ाने 16 मंत्रालयों को सीएम ने दिया टास्क

# मध्यप्रदेश में चना, मिलेट्स, सरसों के रिसर्च सेंटर बनेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एमपी में खेती की लागत घटाकर किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सीएम डॉ. मोहन यादव इस साल को कृषक कल्याण वर्ष के तौर पर मनाने जा रहे हैं। 16 विभाग मिलकर इस टास्क पर काम करेंगे। जिससे किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ ही कृषि आधारित रोजगार बढ़ेंगे और फूड प्रोसेसिंग डेयरी, फिशरीज जैसे उद्योग भी बढ़ेंगे। रविवार 11 जनवरी को भोपाल के जंबूरी मैदान से सीएम ने इसकी औपचारिक शुरूआत की है।

सरकार का लक्ष्य है कि किसान केवल अन्नदाता न रहे, बल्कि उद्यमी, ऊर्जा दाता और एक्सपोर्टर भी बनें। इसी सोच के साथ समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश थीम पर आधारित यह अभियान शुरू किया गया है।

सरकार ने खेती को पारंपरिक व्यवस्था से आगे बढ़ाकर लाभकारी व्यवसाय बनाने की दिशा में रोडमैप तैयार किया है।



- **मार्केटिंग प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन पर फोकस-** पिछले एक दशक में 16% से ज्यादा कृषि विकास दर हासिल कर चुके मध्यप्रदेश को अब वैश्विक कृषि मानचित्र पर मजबूत पहचान दिलाने की तैयारी है। सरकार उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ मार्केटिंग, प्रोसेसिंग और वैल्यू-एडिशन पर फोकस कर रही है। खेती को जोखिम से बाहर निकालने के लिए मौसम आधारित तकनीक, बीमा और अनुसंधान को केंद्र में रखा गया है।
- **तीन बड़े कृषि अनुसंधान केंद्र बनेंगे-** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत राज्य में तीन प्रमुख रिसर्च हब स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों से फसल उत्पादकता, गुणवत्ता और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा बढ़ाने में मदद मिलेगी
- **डिंडौरी में श्रीअन्न (मिलेट्स) अनुसंधान केंद्र**
- ग्वालियर में सरसों अनुसंधान केंद्र
- उज्जैन में चना अनुसंधान केंद्र

- **विदेशों तक खेती देखने जाएंगे किसान-** किसानों और कृषि से जुड़े अधिकारियों को वैश्विक नवाचारों से जोड़ने के लिए विदेश अध्ययन भ्रमण योजना शुरू की जाएगी। सिंचाई दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रेशराइज्ड वाटर माइक्रो इरीगेशन योजना लागू की जाएगी। वहीं प्रदेशभर में वेदर इंफॉर्मेशन नेटवर्क डाटा सिस्टम विकसित कर किसानों को सटीक मौसम पूवार्नुमान और कृषि सलाह उपलब्ध कराई जाएगी।
- **बीमा योजना में उद्यानिकी फसलें भी शामिल होंगी-** खेती को जोखिम से सुरक्षित बनाने की दिशा में मौसम आधारित बीमा योजना के दायरे में अब उद्यानिकी फसलों को भी शामिल किया जाएगा। किसानों की जमीनी मदद को मजबूत करने के लिए कृषक मित्र-कृषक दीदी योजना को दोबारा शुरू किया जाएगा। आय के नए स्रोत खोलने के उद्देश्य से प्रदेश में कृषि पर्यटन की शुरूआत और गोपालन को प्रोत्साहन देने की कार्यवाही भी प्रस्तावित है। तिलहन किसानों को राहत देते हुए सरसों पर भावांतर योजना लागू की जाएगी।
- **खाली पदों पर भर्ती होगी-** संस्थागत मजबूती के तहत कृषि विभाग में द्वितीय और तृतीय श्रेणी के 1,348 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी, जबकि मंडी बोर्ड में 386 पदों पर सीधी भर्ती होगी। गुणवत्ता नियंत्रण को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश के सभी संभागों में बीज परीक्षण प्रयोगशालाओं का उन्नयन कर उन्हें एनएबीएल मान्यता दिलाई जाएगी। इसके साथ ही राज्य के 46 शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों में से 5 को मॉडल प्रक्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा।
- **कृषि-सब्जी मंडियों का मॉर्डनाइजेशन करेंगे-** कृषि विपणन को आधुनिक बनाने के लिए प्रदेश की चिन्हित कृषि उपज मंडी समितियों और सब्जी मंडियों का आधुनिकीकरण किया जाएगा। नवाचार के रूप में कृषि उत्पाद निर्यात योजना लागू कर किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने की तैयारी है। मृदा पोषण प्रबंधन के लिए प्रदेश में 3 माइक्रो न्यूट्रीएंट लैब स्थापित की जाएंगी। पर्यावरण संरक्षण और अतिरिक्त आय के उद्देश्य से नरवाई प्रबंधन के तहत अधिक से अधिक कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगाए जाएंगे और पराली संग्रह के लिए एग्रीगेटर स्थापित किए जाएंगे।
- उद्यानिकी क्षेत्र के विस्तार पर भी सरकार का विशेष जोर रहेगा। वर्ष 2026-27 में उद्यानिकी रकबा 28.39 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 29.89 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य रखा गया है, यानी करीब 1.5 लाख हेक्टेयर की वृद्धि होगी। इसी अवधि में उद्यानिकी के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई क्षेत्र को 1 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाया जाएगा।

उज्जैन
सोमवार
12
जनवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

**भजगोविन्दं भजगोविन्दं, गोविन्दं भजमूढमते।**
**नामस्मरणादन्यमुपायं, नहि पश्यामो भवतरणे॥**

**अर्थः** गोविंद को भजो, गोविन्द का नाम लो, गोविन्द से प्रेम करो क्योंकि भगवान के नाम जप के अतिरिक्त इस भव-सागर से पार जाने का अन्य कोई मार्ग नहीं है।

## खबर एक नजर...

### नशे में धुत युवक पातालपानी की खाई में गिरा, पेड़ में अटका, बचाया

**इंदौर।** पातालपानी में रविवार शाम एक युवक नशे की हालत में 300 फीट गहरी खाई में गिर गया। गनीमत रही कि वह एक पेड़ पर अटक गया। वहां से वह धीरे-धीरे ऊपर आने लगा, लेकिन नशे के कारण बार-बार फिसलता रहा। प्रत्यक्षदर्शी नरेंद्र शर्मा के अनुसार, लोगों को शाम 6 बजे उसके बारे में पता चला। इसके बाद पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इससे जुड़े वायरल वीडियो में युवक संघर्ष करता दिखाई दे रहा है। बड़गोंदा थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने बताया देर रात 10:30 बजे उसे बाहर निकाला गया। हालांकि तब तक वह बेहोश हो चुका था। फिलहाल उसका इलाज जारी है।

### म्यूजिक टीचर के साथ लूट, बाइक सवार बदमाश ने की वारदात

**इंदौर।** इंदौर के खजराना में बाइक सवार बदमाश ने म्यूजिक टीचर का मोबाइल लूट लिया। आरोपी बाइक लेकर फरार हो गया। टीचर ने दूसरी गाड़ी से आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। पुलिस ने रात में आरोपी पर एफआईआर दर्ज की है। उसकी तलाश की जा रही है। खजराना पुलिस ने बताया कि नितिन झार निवासी एरोड्रम ने बताया कि वह पेशे से म्यूजिक टीचर है। रात में बायपास इलाके में एक प्रोग्राम में गया था। करीब 11 बजे वापस आते समय रेडिसन चौराहे के पास एमआर 10 के यहां रोड क्रॉस कर रहा था। तभी मोबाइल पर बात करते समय पीछे से आए बाइक सवार ने आईफोन पर झपट्?टा मारा और मोबाइल लेकर स्टार चौराहे की तरफ भाग गया। लोगों से मदद लेकर उसका पीछा भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। रात में पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। इंदौर के लसूडिया पुलिस ने एसडी लाजिस्टिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वेयर हाउस मैनेजर राकेश सिंह सेंगर की शिकायत पर अज्ञात चोर पर एफआईआर की है। राकेश ने बताया कि उनकी कंपनी सोलर से संबंधी वायर, पैनल व अन्य उत्पादों का पूरे प्रदेश में डिस्पेच करने का काम करती है। वेयर हाउस पर पूरा सामान रखा था। शुक्रवार की रात में वह ताला लगाकर गए थे। दूसरे दिन शनिवार को पहुंचे तो ताला शटर का ताला टूटा था। अदंर से लाखों रुपए कीमत के कॉपर वायर व सामान गायब था। बाद में कैमरों के फुटेज में एक चोर शटर के अंदर आते दिखा है। उसके अन्य साथी बाहर लोडिंग वाहन से सामान भरकर लेकर गए। पुलिस गाड़ी नंबर के आधार आरोपियों की तलाश शुरू की है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्षःशहर में 251 स्थानों पर हिंदू सम्मेलन

**इंदौर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के तहत रविवार को 251 से ज्यादा बस्तियों में हिंदू सम्मेलन हुए। सम्मेलनों में 1 हजार से ज्यादा कॉलोनियों के लाखों लोग शामिल हुए। दूधिया ग्राम में संघ के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख अनिल ओक ने कहा कि माँ दुर्गा के आठों हाथों में शस्त्र हैं और चरणों के नीचे महिषासुर पड़ा हुआ है। यह इस बात का परिचायक है कि हमारी मातृशक्ति प्रेम, दया व करुणा की मूर्ति तो है ही, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर वही दुर्गा का रूप लेकर धर्म की रक्षा कर सकती है। तिलक स्कूल मैदान पर शुरूआत मंगलाचरण से हुई। मुनि श्री 108 पूज्यसागर महाराज ने कहा समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता, चरित्र और संस्कारों में निहित होती है। आयोजन संयोजक राहुल जैन ने बताया कि 5 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। श्रीनगर बस्ती के आयोजन में संत अनादि सरस्वती ने समाज से जागृत होने की अपील करते हुए कहा बच्चों में जितने अच्छे संस्कार देंगे, देश उतना मजबूत होगा।

### 13 मरीजों का आईसीयू में चल रहा इलाज, पिछले कई दिनों से 4 मरीज वेंटिलेटर पर

# इंदौर के भागीरथपुरा में अब भी पानी उबालकर पी रहे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर





इंदौर में दूषित पानी ने 21 लोगों की जान ले ली। अब भी कई लोग अस्पताल भर्ती हैं। कुछ लोगों की स्थिति नाजुक है। दूसरी तरफ, भागीरथपुरा में अभी भी लोगों में दूषित पानी का डर बना हुआ है। लोग आरओ, बोरिंग और बोतल के पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं। पानी को छानकर और उबालकर इस्तेमाल कर रहे हैं।

इस बीच, आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या कम ज्यादा हो रही है। 8 जनवरी को जहां आईसीयू में 10 मरीज थे। 10 जनवरी को ये आंकड़ा 11 तक पहुंच गया। वहीं, 11 जनवरी को आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या 13 हो गई। जबकि पिछले कई दिनों से 4 मरीज वेंटिलेटर पर बताए जा रहे हैं।

29 दिसंबर को जब कई लोग अस्पताल में भर्ती हुए तो मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ अस्पतालों में पहुंचे और मरीजों व उनके परिजनों से बातचीत की। देखते ही देखते दूषित पानी के कारण मौतों का सिलसिला शुरू हो गया। एक के बाद एक कई लोगों की जान दूषित पानी के कारण चली गई। स्थिति ये है कि कई लोगों का अलग-अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा है। कुछ लोग आईसीयू में इलाजरत है।

स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को बुलेटिन जारी किया। इसके मुताबिक 50 दलों ने भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे किया। 176 सदस्यों ने 924 घरों में ओआरएस और जिंक की गोलियां दी। इसके साथ ही महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी जांचे भी की गई। इलाके में आज ओपीडी में 13 मरीज डायरिया के आए, जिसमें से 1 को रेफर किया है। रविवार को भी नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने भागीरथपुरा इलाके का दौरा किया। यहां पर चल रहे कामों को देखा। इलाके में टैंकरों के माध्यम से पानी की सप्लाई की भी समीक्षा की। लगातार टीम के माध्यम से लोगों को पानी उबालकर, छानकर पीने के संबंध में अनाउंसमेंट करने, ड्रेनेज सीवरेज लाइन की सफाई करने, सफाई के बाद निकलने वाली गाद को तुरंत हटाने, मलेरिया टीम द्वारा नाला सफाई करने के लिए भी कहा है। इसके अलावा निगमायुक्त ने भागीरथपुरा के सभी बीट प्रभारी, उपयंत्री को अपनी-अपनी बीट में आने वाले सरकारी बोरिंग में क्लोरिनेशन काम करने के लिए कहा है।

### चाइनीज मांझे से 4 घंटे में 3 के गले कटे

# टाइल्स ठेकेदार की अस्पताल में मौत

## नीट स्टूडेंट समेत दो की सर्जरी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर में चाइनीज मांझे से 4 घंटे के भीतर 3 बाइक सवार युवकों का गला कट गया। एक युवक की अस्पताल में मौत हो गई जबकि दो की सर्जरी करनी पड़ी है।

पहला हादसा खजराना ब्रिज पर रविवार शाम करीब साढ़े 5 बजे हुआ। मृतक की पहचान रघुवीर धाकड़ के रूप में हुई है, जो बिचौली मदार्ना स्थित ओम साई विहार कॉलोनी का निवासी था। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन के मुताबिक, रघुवीर टाइल्स के काम की ठेकेदारी करता था। रविवार को छुट्टी होने के बावजूद बाइक से एक साइट देखने गया था। घर लौटते वक्त शकुंतला अस्पताल के पास चाइनीज मांजे की चपेट में आ गया। राहगीरों ने उसके मोबाइल से परिवार को सूचना दी। रघुवीर का साहिल नाम का बेटा है, जो पढ़ाई करता है। दूसरे बेटे की दो साल पहले पानी में डूबने से मौत हो चुकी है। तिलक नगर टीआई मनीष लोधा ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है। इंदौर में ही सपना-संगीता रोड पर करीब साढ़े 5 बजे नीट की तैयारी कर रहे नरेंद्र जामोद का चाइनीज मांझे से गला कट गया। वह अपने दोस्त अनिल चौहान के साथ बाइक से घर की ओर आ रहा था। अनिल उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। मूल रूप से धार जिले के देहरी के पास का रहने वाला नरेंद्र इंदौर में रहकर एग्जाम की तैयारी कर रहा है। तीसरी घटना एरोड्रम थाना इलाके में एयरपोर्ट के सामने की है। यहां आशीष रघुवंशी निवासी स्कीम नंबर 51 का भी बाइक पर जाते समय चाइना मांझे से गला कट गया। उसे उपचार के लिए 60 फीट रोड के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### नकली पान मसाला फैक्ट्री पकड़ाई

## मकान में चलता मिला अवैध कारोबार, 5 लाख का माल जब्त, 3 आरोपी पकड़ाए

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के कनाडिया में पुलिस ने कारवाई करते हुए नकली पान मसाले की फैक्ट्री पकड़ी है। आरोपी यहां पर एक कंपनी का नकली पान मसाला बना रहे थे। पुलिस ने यहां से पैकिंग मशीन और पान मसाला बनाने वाला सामान जब्त किया है।



कनाड़िया टीआई सहर्ष यादव की टीम ने सहारा सिटी के एक मकान में रविवार को छापामार कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने यहां से अक्षत पिता प्रमोद शर्मा निवासी स्नेह नगर जूनी इंदौर, जावेद पिता अयूब कुरैशी निवासी सनावद खरगोन और अरुण पिता पूरनमल निवासी रोशन पार्क पालघर मुंबई को पकड़ा है। आरोपियों से करीब 5 लाख का माल जब्त किया है। पुलिस अफसरों के मुताबिक आरोपी हूबहू विमल कंपनी का पान मसाला यहां पर बनाते थे। मकान से पुलिस ने तीन मशीनें, पान मसाले का कच्चा सामान और अन्य चीजें जब्त की है। पुलिस आरोपियों से अभी पूछताछ कर रही है। उनके पुराने रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

### वाहन सवारों पर भी किया हमला; एक साल में डॉग बाइट के 48 हजार केस

# इंदौर में पागल कुत्ते का आतंक, 6 से ज्यादा को काटा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर में रविवार को एक पागल कुत्ते ने 2 घंटे तक जमकर उत्पात मचाया। उसने 6 से ज्यादा लोगों को काट लिया। वह कुत्ता इतना हिंसक हो गया कि उसने न केवल लोगों को काटा बल्कि काफी देर तक उनके हाथ-पैर को अपने जबड़े में पकड़े रखा। इससे उन्हें काफी गहरे जख्म हो गए।

दरअसल, नादिया नगर, एलआईजी कॉलोनी, शिवशक्ति नगर और संजय नगर ये सभी क्षेत्र आपस में जुड़े हुए हैं। यहां काफी समय से कुत्तों का आतंक है। रहवासियों के मुताबिक, इनमें से एक पागल कुत्ता रविवार सुबह करीब 11 बजे लोगों पर लपकने लगा। उसने सबसे पहले दो-तीन बाइक सवारों को काटने की कोशिश की। जैसे-तैसे वे जान बचाकर तेजी से निकल गए। इसके बाद उसने नादिया नगर के रहवासी लक्ष्मण वर्मा पर हमला कर दिया। उन्होंने हाथ से उसे भगाने की कोशिश की तो कुत्ते ने उनके हाथ में पंजे को जबड़े में दबा लिया। आसपास के लोग उन्हें छुड़ाने दौड़े, लेकिन कुत्ते ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। इस दौरान वर्मा ने खुद को बमुश्किल बचाया, लेकिन तब तक पंजे का काफी मांस बाहर निकल चुका था, जबकि दूसरा पंजा भी बुरी तरह जख्मी हो गया था। बता दें, पिछले साल 2025 में इंदौर में डॉग बाइट के 48 हजार से ज्यादा मामले सामने आए थे।

कुछ ही देर में इसी कुत्ते ने यहां रहने वाले अबीर पिता मनोज (12) का पैर पकड़ लिया और बुरी तरह काटा। यहां भी लोगों ने उसे बचाने की कोशिश तो वह उन पर टूट पड़ा तो वे खुद को तेजी से बचाते हुए भागे।

इसी दौरान यहीं रहने वाली जयश्री वर्मा ने कुत्ते से एक व्यक्ति को बचाने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि कुत्ते ने उस व्यक्ति के हाथ-पैर फाड़ दिया। मैंने उसे दूर किया लेकिन वह काफी हिंसक था। मैंने उस पर बोरी डाली और बमुश्किल छुड़ाया है। यहां 10-15 कुत्तों का झुंड सक्रिय है। लोगों का निकलना दूभर हो गया है।

पागल कुत्ते द्वारा एक बुजुर्ग महिला को भी काटे जाने की सूचना है। कुत्तों के आतंक को लेकर यहीं रहने वाले हेमंत कुशवाह ने बताया कि दो-चार दिन से एक कुत्ता काफी हिंसक हो गया है। वे खुद भी उसका शिकार होते बचे और बमुश्किल भागकर घर तक पहुंचे।

## खबर एक नजर...

### घर-घर में हो संस्कृत का प्रचार : डॉ. शिव शंकर मिश्र

**उज्जैन।** प्राचीनकाल से ही भारतीय सनातनीय परंपरा की मूल भाषा संस्कृत रही है, भारत के प्रत्येक गांव प्रत्येक घर तक संस्कृत का प्रचार व्यवहार हुआ करता था। इस परंपरा को पुनर्स्थापित करने के लिए हर घर में संस्कृत का व्यवहार हो, ऐसे उक्त विचार पीपलीनाका स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर सभागार में पौरोहित्य संस्कृत कार्यशाला के समापन सत्र के अवसर पर सत्राध्यक्षता कर रहे महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. प्रो. शिव शंकर मिश्रा ने कहे। स्मृति विज्ञान अवंतिका शोध समिति उज्जैन एवं संस्कृत भारती मालवा प्रांत के संयुक्त तत्वाधान में सप्त दिवसीय पौरोहित्य संस्कृत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें सारस्वत अतिथि के रूप में महर्षि सांदीपनि वेद विद्या प्रतिष्ठान के कुल सचिव डॉ. विरुपाक्ष जड्डीपाल, मुख्य अतिथि के रूप में कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक महामहोउपाध्याय डॉ. गोविंद गंधे, विशिष्ट अतिथि डॉ. भरत बैरागी पूर्व अध्यक्ष पतंजलि संस्कृत बोर्ड भोपाल रहे।

उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती को माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। पं. रितेश व्यास, पं. गौरव शर्मा एवं आचार्य धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा यजुर्वेद, सामवेद के मंत्रों द्वारा स्वस्ति वाचन किया गया। संस्था के सदस्यों ने उपस्थित अतिथियों का शाल श्रीफल पुष्प माला आदि से स्वागत किया। संस्था के अध्यक्ष दुर्गेश तारे ने शब्दाभिनन्दन कर सभी अतिथियों का स्वागत परिचय किया। संस्था के संस्थापक डॉ. गोपाल कृष्ण शुक्ल द्वारा संस्था की समस्त गतिविधि तथा संस्था के कार्य योजना सभा के सम्मुख रखी। इस अवसर पर कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक उपेंद्र भार्गव विभाग अध्यक्ष ज्योतिष पाणिनि संस्कृत विश्वविद्यालय का संस्था एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा स्वागत अभिनंदन पत्र देकर किया गया एवं नीलकंठ महादेव के प्रधान पुजारी देवेन्द्र प्रताप व्यास का भी संस्था एवं अतिथियों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य सर्वेश्वर शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से दिलीप ज्ञानी, स्थान के पुजारी सपन व्यास उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में 60 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्त किए।

# बड़नगर रोड स्थित चमत्कारी त्रिशूल आश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बड़नगर रोड स्थित मोहनपुरा में चमत्कारी त्रिशूल आश्रम पर चमत्कारी त्रिशूल आश्रम संचालन समिति के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आश्रम पहुंचकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। आश्रम के महंत श्री अमरगिरि नागा बाबा महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर में नेत्र परीक्षण, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान किया गया। ठंड के मौसम में बढ़ती बीमारियों को ध्यान में रखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रक्त जांच, आंखों के चश्मे की जांच, रक्तचाप जांच, शुगर जांच तथा रक्तदान किया गया।

इसके साथ ही रक्त समूह, एंटी बॉडी, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी एवं सी, उपदंश तथा मलेरिया की जांच भी की गई। शिविर का आयोजन सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक किया गया। शिविर में शामिल लोगों के लिए आश्रम परिसर में प्रसादी स्वरूप नाश्ते की व्यवस्था भी की गई। चिकित्सकों ने शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और कहा कि सभी को समय-समय पर अपनी आंखों की जांच अवश्य करानी चाहिए, क्योंकि वर्तमान समय में कई प्रकार की बीमारियां फैल रही हैं, जिनके कारण कई लोगों की दृष्टि प्रभावित हो रही है। गुरु महाराज ने कहा कि आज जो लोगों ने रक्तदान किया है, वह किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा।

सेवा ही हमारे सनातन धर्म की प्रमुख भूमिका है, जिसे हम सभी निभा रहे हैं। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आए लोगों ने शिविर की सराहना करते हुए गुरु महाराज एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। शिविर में एस.एन. कृष्णा हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। कार्यक्रम के अंत में आश्रम संचालन समिति द्वारा सभी चिकित्सकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री महंत 1008 सेवानंद गिरि जी महाराज, महंत लखन गिरि जी महाराज, महंत गुलवंत गिरि जी महाराज, साध्वी हरिप्रिया नंद गिरि जी, मोहन गिरि नागा बाबा महाराज, नव गिरि महाराज, करण गिरि महाराज, धर्मा गिरि महाराज, शिव गिरि महाराज, पुजारी सोनू पंडया, दिनेश पटेल, राजेश गुप्ता, सुनील गुप्ता सहित बड़ी संख्या में संतगण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 40 स्थानों पर हुआ विराट हिंदू सम्मेलन, 1 लाख से अधिक लोग हुए शामिल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

हिन्दू समाज को संगठित करने, सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने एवं सामाजिक समरसता के उद्देश्य से उज्जैन महानगर की 40 विभिन्न बस्तियों में 11 जनवरी 2026, रविवार को हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए गए.. इन सम्मेलनों में सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रमों के साथ साथ बौद्धिक सत्र एवं सहभोज का आयोजन किया गया।

संत नगर बस्ती का हिन्दू सम्मेलन संत नगर उद्यान पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मंजू दीदी (ब्रह्मकुमारी आश्रम), मुकेश दीसावल एवं शिल्पा पांडे उपस्थित रहे।

मुकेश दिसावल ने अपने संबोधन में संघ के 100 वर्षों की यात्रा के बारे में जानकारी दी एवं उन्होंने बताया कि हिंदू समाज के स्वाभिमान की लड़ाई में कैसे संघ ने योगदान दिया।

जयसिंहपूरा का हिंदू सम्मेलन जैन मंदिर जयसिंहपूरा में संपन्न हुआ... कार्यक्रम में वक्ता के रूप में अशोक सोहनी, शेवानंद जी एवं अनीता पंवार उपस्थित रहें। अशोक सोहनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दू को किसी सभ्यता, मत-पंथ, मंदिर-मठ, किसी खान-पान, वेश-भूषा, रहन-सहन, रीति-रिवाज, किसी देवी-देवता तक सीमित नहीं किया जा सकता। पूर्वजों के तप, अध्ययन, अनुभव, चिंतन से बनी संस्कृति के अनुरूप आचरण ही हिन्दुत्व है। यह जीवन दृष्टि है। रामानुजकोट बस्ती का सम्मेलन राठौर समाज धर्मशाला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में डॉ शैलेश त्रिपाठी, हरिनारायण शास्त्री, भारती वर्मा उपस्थित रहे।

## बुरहानी क्रिकेट टूनार्मेंट में एमबी टाइगर ने फाइनल जीतकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**




दाऊदी बोहरा समाज की संस्था बुरहानी क्रिकेट क्लब द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट में देशभर से बोहरा समाज की कुल 12 टीमों ने भाग लिया, जिनके बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। मुर्तजा जरी वाला एवं खुजेमा चांदा भाई वाला ने जानकारी देते हुए बताया कि फाइनल मुकाबला राजकोट की एमबी टाइगर एवं इंदौर इलेवन के बीच खेला गया।

इंदौर इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 64 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में राजकोट एमबी टाइगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 5 ओवर में 65 रन बनाकर फाइनल जीत लिया और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।टूनार्मेंट में विजेता टीम को 51 हजार रुपये एवं उपविजेता टीम को 21 हजार रुपये की पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी दी गई।फाइनल मैच के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अमिल साहब के प्रतिनिधि शेख इब्राहिम भाई साबिर, जनाब ताहा भाई, शेख अली असगर भाई मौय्यदी, शेख जुल्फिकार भाई कोयला वाला, शेख इस्माइल भाई बड़वा वाला एवं शेख गुलाम हुसैन भाई सिया वाला उपस्थित रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शक श्रीरसागर स्टेडियम में मैच देखने के लिए मौजूद रहे।

सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबलों में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान टूनार्मेंट आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। यह तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन (त.उ.श.) साहब की मंशा के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर शेख इब्राहिम भाई साबिर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे मन लगाकर खेलें और अपने परिवार, शहर एवं जिले का नाम रोशन करें।

## संत शिरोमणि अहिरवार रविदास समाज संघ के जयंती आमंत्रण पत्र का विमोचन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

भेरुनाला स्थित गुरुद्वारा वृंदावनपुरा में संत शिरोमणि अहिरवार रविदास समाज संघ द्वारा संत रविदास जी महाराज की जयंती को लेकर लगातार बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उज्जैन संभाग (म.प्र.) की एक महत्वपूर्ण संभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व संत रविदास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।इसके पश्चात बैठक की कार्यवाही शुरू हुई। बैठक की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष मनोहर सुरेश कसुमरिया ने की।सचिव विनोद चौहान नीलगंगा एवं संभाग कोषाध्यक्ष कमलसिंह हनौतिया ने जानकारी देते हुए



बताया कि 1 फरवरी को संत रविदास जी महाराज की 649वीं जयंती बड़े उत्साह एवं गरिमामय रूप से मनाई जाएगी, जिसकी तैयारियां संगठन द्वारा निरंतर की जा रही हैं। जयंती के पूर्व आमंत्रण पत्र का विधिवत विमोचन किया गया। बैठक में उज्जैन संभाग के विभिन्न जिलों से आए समाज के पदाधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान जयंती आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा पदाधिकारियों को अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर समाजजनों को जयंती कार्यक्रम का आमंत्रण देने की जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

संभागीय अध्यक्ष मनोहर सुरेश कसुमरिया ने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष संत रविदास जी महाराज की जयंती को ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। आमंत्रण पत्रिका के विमोचन के पश्चात समाजजनों के घर-घर जाकर व्यक्तिगत रूप से जयंती का आमंत्रण दिया जाएगा तथा सभी से एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की जाएगी। इस मौके पर कार्य मंत्री अंबाराम चौहान, भीम आर्मी धुले सिंग आजाद, किशोरीलाल सूर्यवंशी, रतनलाल परमार, प्रकाश चौहान हेडवोकेट, हरिराम राजोरिया, मांगीलाल चौहान, नंदराम जी सूर्यवंशी धर्मशाला अध्यक्ष, राजी राकेश बामणिया, संभाग अध्यक्ष भीम आर्मी, विनोद चौहान संभाग सचिव, भगवान सिंह परमार, सचिव भेरूगढ़ धर्मशाला, नागेशवर राजोरिया, रतनलाल जी डाबी कोशा अध्यक्ष, अर्जुन मोहन लाल वाघेला, रमेशजी, लखन हनोतिया मुकेश सोनगरा आदि लोग उपस्थित थे।

### संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत 12 जनवरी से

**बड़नगर।** सुशासन एवं स्वराज हेतु प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न जन योजनाओं/सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदाय करने हेतु संकल्प से समाधान अभियान 31 मार्च तक विशेष अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी तक वार्डवार शिविर के माध्यम से भारत सरकार एवं राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं के अनुरूप सेवाओं में पात्रता रखने वाले हितग्राहियों को लाभ दिलाये जाने हेतु वार्डवार शिविर मे पात्रता रखने वाले हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करेंगे।

## खबर एक नजर...

### सर्व कल्याण बजरंग दल के उज्जैन जिला कार्यकारी अध्यक्ष बने योगेश जाट

**उज्जैन।** सर्व कल्याण बजरंग दल के संस्थापक व अध्यक्ष मुरली निगम ने मध्य प्रदेश और देश में कार्यकर्ता जोड़ने का अभियान जोरों पर चला रखा है। इसी कड़ी में उज्जैन जिले के अंदर महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की गई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार झांझोट, राष्ट्रीय महासचिव मनीष सिंह चौहान, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रतीक निगम, राष्ट्रीय मंत्री ठा. मोहन सिंह राणा, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री कमल सिंह दरबार, राष्ट्रीय सह सचिव की अनुशंसा पर उज्जैन जिला कार्यकारी अध्यक्ष पद पर योगेश जाट व वार्ड क्रमांक 40 के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अभिषेक पांचाल को निर्वाचित किया है। प्रदेश युवा अध्यक्ष देवराम जाट, गौरक्षा प्रदेश अध्यक्ष विशाल नागर, संभाग उपाध्यक्ष जयंत चूरिया, जिला उपाध्यक्ष राहुल चावड़ा, महानगर मंत्री लोकेंद्र परमार, गोवर्धन आर्य, जिला उपाध्यक्ष महिला परिषद मंजू सोनी आदि ने श्री जाट व पांचाल को बधाई दी।

### दो दिवसीय महोत्सव में निकला चल समारोह

**उज्जैन।** रामानंद बैरागी समाज द्वारा अपने आराध्य देव गुरु रामानंद महाराजजी की 726वी जयंती बडे. धूमधाम से मनाई।

प्रति वर्ष अनुसार जयंती महोत्सव में दो दिवसीय कार्यक्रम कीया 9 जनवरी शुक्रवार भोजन पश्चात सामाजिक विकास और उत्थान पर चर्चा की गई और 10 जनवरी शनिवार सुबह चल समारोह निकाला गया। इस चल समारोह में समाज के सदस्य गण महिलाएं और बच्चे सम्मिलित हुए। कार्यक्रम स्थल मेवाड़ा गेहलोत धर्मशाला से चल समारोह मोक्षदायिनी पुण्य सलिला क्षिप्रा नदी के घाट पर पहुंचा। जहां गुरु रामानंद जी महाराज की चरण पादुका, भगवान कृष्ण की मुर्ति को क्षिप्रा के निर्मल जल से स्नान करवाया। चल समारोह का समापन कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर किया गया। कार्यक्रम स्थल पर सभी समाज जन ने अपने आराध्य गुरु देव का पुजन कर आरती की प्रसाद वितरण किया। बटुक ब्राह्मण को भोजन करवाया। उनके मंत्र उच्चारण से पुरा वातावरण भक्तिमय हो गया। समाजजन के भोजन पश्चात कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोगी समाज जन और रामानंद बैरागी समाज कल्याण समिति मध्यप्रदेश के पद्धाधिकारीयों एवं जिला पदाधिकारी रहे।

### अब जनसुनवाई के साथ होगी जल सुनवाई

**मंदसौर।** जिला प्रशासन ने नागरिकों की जल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक अभिनव पहल शुरू की है। अब प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में विशेष रूप से जल सुनवाई भी की जाएगी। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, इस सुनवाई में पेयजल आपूर्ति, नए नल कनेक्शन, हैंडपंप सुधार, पाइपलाइन और जल स्तर से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### संत रविदास जयंती पर निकलेगी विशाल वाहन रेली

# संत रविदास घाट पर 2121 दीपों के साथ होगी ऐतिहासिक समरसता महाआरती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेशचंद्र सुर्य वंशी एवं प्रदेश आई टी प्रभारी आत्माराम मेगवंशी ने सयुंक्त जानकारी देते हुए बताया की समरसता, समानता और मानवता के महान संदेशवाहक संत शिरोमणि रविदास की जयंती इस वर्ष उज्जैन में भव्य और ऐतिहासिक रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर 2121 दीपों के साथ समरसता महा आरती का भव्य आयोजन किया जाएगा, जो समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देगा।

इस संबंध में श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ मध्य प्रदेश एवं सर्व रविदास अनुयायी समाज परिषद उज्जैन की एक महत्वपूर्ण बैठक सामाजिक न्याय परिसर, आगर रोड, उज्जैन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने ने की। बैठक में समाज के प्रमुख पदाधिकारी, वरिष्ठ बंधुजन एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 1 फरवरी 26 को सतगुरु संत रविदास जयंती को पूरे उत्साह, श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 31 जनवरी की सर्व रविदास समाज संघ की ओर भव्य एवं विसाल वहान रेली निकाली जायगी जो फ्रीगंज टावर चौक से प्रारंभ होकर वृंदावन पुरा गुरुद्वारा पर समापन होगी एवं 1 फरवरी संत रविदास जयंती पर माँ क्षिप्रा तट स्थित संत रविदास घाट पर सत गुरु की 2121 दीपोत्सव के समरसता महा आरती के साथ-साथ संत रविदास के विचारों पर आधारित सामाजिक संदेश, धार्मिक अनुष्ठान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने ने अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास का जीवन सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष और मानव समानता का प्रतीक है। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। जयंती समारोह का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़कर समरसता और सद्भाव का वातावरण निर्मित करना है। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, जनसंपर्क एवं सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

### महाकाल के दरबार पहुंचीं अभिनेत्री शिल्पा और शमिता शेट्टी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टीऔर शमिता शेट्टी ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर की आरती में सम्मिलित होकर आज दर्शन लाभ प्राप्त किए। इस दौरान दोनों बहने बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आई। उन्होंने जय श्री महाकाल का उद्घोष कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सहायक प्रशासक हिमांशु कारपेंटर द्वारा शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी का स्वागत एवं सत्कार किया गया। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी आज बाबा महाकाल के दर्शन करने धार्मिक नगरी उज्जैन आई थी, जहां आपने महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। बाबा महाकाल के दर्शन और पूजन के समय आप प्रभु भक्ति में लीन दिखाई दी आपने नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल की आरती देखी और बाबा महाकाल के स्वरूप को निहारा। बाबा महाकाल के पूजन दर्शन और उनके शृंगार के दौरान आप पूरी तरह भगवान महाकाल की भक्ति में लीन दिखाई दी।

### पीजी कॉलेज मंदसौर में अब छात्र कर सकेंगे एमबीए, एमसीए

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय) के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। महाविद्यालय में अगले सत्र से एमबीए और एमसीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे ने बताया कि एव्ब्ज पोर्टल पर आवश्यक पंजीकरण और की फीस जमा कर दी गई है। जनभागीदारी समिति की मंशा और प्रबंधन विभाग के प्रयासों से अब स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च व्यावसायिक शिक्षा के लिए अन्य शहरों की ओर नहीं ताकना पड़ेगा। वर्तमान में यहाँ बीबीए व बीसीए पाठ्यक्रम पहले से ही सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। इस उपलब्धि पर कॉलेज स्टाफ और छात्र जगत में हर्ष का माहौल है।

### जुआ खेलते हुए चार युवकों को धर दबोचा

**मन्दसौर।** कोतवाली क्षेत्र के राजीव कॉलोनी खानपुरा मंदसौर पर पुलिस ने जुआं खेलते हुए चार युवकों को पकड़कर मौके से 5 हजार 50 रुपये नगदी व जुआं उपकरण जप्त किये।

# सिंधी भाषा विश्व की सबसे समृद्ध भाषा है

## सिन्धी भाषा पर दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभारंभ





### घर- परिवार व्यापार -व्यवहार एवं डाइनिंग टेबल पर सिंधी भाषा का उपयोग करने का संकल्प लिया।

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली के सहयोग से अब्दालपुरा स्थित संत लीला शाह कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में सिंधी बोली पर दो दिवसीय संगोष्ठी का शुभ आरम्भ हुआ। मुख्य वक्ता वरिष्ठ चिंतक समाजसेवी चिमनदास लखानी एवं डॉ मीना वाधवानी थे। विशेष अतिथि मुरलीधर कोटवानी थे। अध्यक्षता समाजसेवी दौलत खेमचंदानी ने की। भगवान झुलेलाल, सन्त लीला शाह एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन किया गया। अपने मुख्य आतिथ्य उद्बोधन में श्री लखानी ने कहा, सिंधी भाषा विश्व की सबसे प्राचीन एवं समृद्धशाली भाषा है। इसके समस्त उच्चारण पूर्णतः वैज्ञानिक है। इसके उच्चारण से मस्तिष्क की अनेक कोशिकाएं सक्रिय रहती हैं एवं व्यक्ति प्रगतिशील बनता है

डॉ मीना वाधवानी ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को इसे अपने पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से लेने का आग्रह करते हुए इसे अपने कॅरियर को बनाने का अवसर बताते हुए, मार्गदर्शन प्रदान किया यह सरल सुंदर एवं मीठी बोली है। हमें सदैव अपनी मातृभाषा में विचार विमर्श कर अपनाना चाहिए। अतिथियों का स्वागत सम्मान संस्था प्राचार्य राजकुमारी खेमचंदानी, उषा शेवारामानी, नीतू बलवानी, भारती खेमचंदानी, अशोक हरपलानी, कमल मोटवानी, घनश्याम दासवानी, वासुदेव आलवानी, सुनील सीतलानी, झामनदास सहितानी, सुरेश पुरसवानी, मुकेश शेवारामानी, नरेश मूल चंदानी, लीजा चंदनानी, लता मूलचंदानी, बिंदिया बलवानी, निशा रामचंदानी मधु हरपलानी, भगवान शेवाणी, मनोज आसवानी, अमित सचदेव,भावना आसवानी ने किया।

# सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी ने जरूरतमंदों के लिए लगातार पांचवें सप्ताह चलाया नेकी का वाहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में जरूरतमंदों के लिए नेकी का वाहन चलाया गया।

अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक आबिद अली मीर ने विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि संस्था द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शीत ऋतु में जरूरतमंदों के लिए प्रत्येक सप्ताह नेकी का वाहन दो महान शख्सियतो के नाम से चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद एवं समाजसेवी शेख जाकिर मोहम्मद की स्मृति में नेकी का वाहन छत्री चौक से शहर के विभिन्न भागों में चलाया गया। नेकी के वाहन का शुभारंभ समाजसेवी शाकिर शेख ने किया। उप संयोजक सैयद उस्मान हसन एवं सचिव धर्मेंद्र राठौर ने बताया संस्था द्वारा सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों के लिए नेकी का वाहन शहर के प्रमुख चौराहे से चलाया जाता है। इस सप्ताह के नेकी वाहन के शुभारंभ अवसर पर डॉ. रफीक नागोरी, गंगाधर महा, इंजीनियर सद्दाम हुसैन, जीवन शर्मा, शिक्षाविद सादिक मंसूरी, इरफान राइन, आजम खान, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन, सोनू सिंह आनंद,भइयू भाई, मोहम्मद इकबाल उस्मानी उपस्थित थे। कपिल भारद्वाज, हाजी राजा भाई नसीब होटल, रिजवान नागोरी, मनोज कुमार भाटी, फैज कबीर, हाजी इस्माइल भाई रंगवाला, हाजी शेरू भाई राइन , हाजी इस्माइल खान, भूरु भाई कमर अली, नासिर मंसूरी का विशेष सहयोग रहा।

### महावीर प्रीमियर लीग का आगाज 17 जनवरी से

**मंदसौर।** खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने के उद्देश्य से बीसा पोरवाल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा महावीर प्रीमियर लीग मॉर्निंग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

क्लब अध्यक्ष शुभम पोरवाल ने बताया कि यह भव्य टूर्नामेंट 17 से 25 जनवरी तक संजीत रोड स्थित सिल्वर स्प्रिंग मैदान पर खेला जाएगा। इसमें सकल जैन समाज की 6 टीमें भाग लेंगी, जिनमें कुल 84 खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे। टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए मनीष जैन, नरेंद्र जैन और शैलेष जैन के मार्गदर्शन में एक विस्तृत आयोजन समिति बनाई गई है। समाज के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## खबर एक नजर...

### मातृशक्ति के हाथों में होगी जैन सोशल ग्रूप की कमान

**शाजापुर।** जैन सोशल ग्रुप यूनिक की बैठक शहर के एक निजी रिसोर्ट में आयोजित की गई, जिसमें ग्रुप के नवीन पदाधिकारियों के साथ कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस बार कार्यकारिणी की खासियत यह रही कि ग्रुप की कमान मातृशक्ति के हाथों में सौंपी गई। निवृतमान अध्यक्ष मनीष जैन ने बताया कि पूर्व पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने के उपरांत नवीन कार्यकारिणी के गठन हेतु ग्रुप की बैठक का आयोजन तय समय सीमा में किया गया। सर्वप्रथम वर्षभर की गतिविधियों सहित आय/व्यय की जानकारी उपस्थित सभी सदस्यों को दी गई, जिसके पश्चात पूर्व कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों का कार्यकाल के दौरान सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा नवीन कार्यकारिणी का विधिवत गठन किया गया। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष अंकिता रितेश जैन, सचिव स्नेहा अक्षय जैन, मोनिका रोहन जैन को बनाया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष शैली-मितेश जैन, रिचा-अमित जैन, कोषाध्यक्ष अर्शी शुभम जैन, मीडिया प्रभारी पारुल नाहर को नियुक्त किया गया। ग्रुप का चेयरमैन मीनाक्षी संजय जैन (मैनेजर) तथा संयोजक ज्योति मनीष जैन को बनाया गया। ग्रुप के सदस्यों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

### लोटस ग्रुप द्वारा आयोजित बाल मेला एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह सम्पन्न

**बड़नगर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में लोटस ग्रुप द्वारा 11 जनवरी रविवार को लोटस कॉन्वेंट स्कूल बंगरेड में बाल मेला -2026 का आयोजन किया गया। बाल मेले के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवड़ा , शिवसेना युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रभात पुरानिया, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि उमरावसिंह राठौर, जनपद उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, कमलसिंह राजावत, कृष्णकुमार राबड़, बापूसिंह कुशवाह,विहिप जिला धर्माचार्य प्रमुख श्रवण शर्मा,शैलेन्द्र सिंह सोलंकी,पार्षद प्रतिनिधि तरुण आचार्य, पार्षद विजयंत गोसर, पार्षद प्रतिनिधि कुशल गेहलोत, विहिप तहसील अध्यक्ष भीमसिंह डोबरिया,शिवसेना महासचिव राजेश कायस्थ,शिवसेना जिला उपाध्यक्ष रजत जायसवाल, बजरंग दल तहसील सह संयोजक धीरज यादव,शिवसेना नगर अध्यक्ष संतोष बगेरवाल इत्यादि गणमान्य जन थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं विवेकानंद का पूजन कर किया गया तथा फीता काटकर विधिवत मेले का शुभारंभ किया गया। स्वागत उद्बोधन में संस्था संचालक जितेंद्रसिंह राजावत ने चार साहिबजादों के बलिदान को स्मरण किया एवं बताया कि निरंतर 21 वर्षों से बाल मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिवर्ष 10 हजार से अधिक गणमान्यजनों की उपस्थिति रहती है। यह मेला बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित किया जाता है। संस्था के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों , मनोरंजक स्टॉल तथा विभिन्न सामग्रियों के 150 स्टॉल लगाए गए। मेले में मुख्य आकर्षण का केंद्र मिक्की माउस,गेम्स एवं झूले , नाव तथा भूत बंगला इत्यादि रहे। इसके साथ ही पूर्व छात्र मिलन समारोह भी आयोजित किया गया। कई बच्चों ने अपने परिवार सहित मेले का आनंद उठाया।

# हिंदू समाज के संगठन से ही होगा स्वर्णिम राष्ट्र का निर्माण - योगी विजेन्द्र नाथजी महाराज

### शहर की अलग-अलग बस्तियों में हिंदू जागरण सम्मेलन संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर




वर्तमान समय हिंदू समाज के संगठित होने का समय है। हिंदू स्वयं की रक्षा के साथ राष्ट्र की रक्षा का सामर्थ्य भी रखता है और हिंदुत्व जागरण से ही स्वर्णिम हिंदुस्थान का भविष्य तय हो सकता है। संगठित हिन्दू समर्थ हिंदू के भाव के साथ सभी को राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने की आवश्यकता है। उक्त बातें अंतरराष्ट्रीय हिंदू महासंघ के उत्तर प्रदेश प्रभारी महंत विजेन्द्रनाथजी महाराज ने रविवार को स्थानीय टंकी चौराहा स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी मे संघ शताब्दी वर्ष अंतर्गत आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में उपस्थित हिंदू समाज को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कही। इस दौरान सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया। इसके उपरांत भजन, राष्ट्रीय गीत, पर्यावरण संयुक्त गीत, संयुक्त परिवार उद्बोधन की प्रस्तुतियां दी गई। तत्पश्चात सम्मेलन में अतिथियों का आगमन हुआ, जिनमें बस्ती में निवासरत समस्त समाज प्रमुख मंचासीन हुए। इसके बाद मुख्य अतिथि महंत योगी विजेन्द्र नाथजी महाराज, मुख्य वक्ता मालवा प्रांत संघ संपर्क प्रमुख विवेक दुबे तथा मातृशक्ति स्वरूप अतिथि प्रीति जादम गौ पूजन के साथ आयोजन में सम्मिलित हुए। अतिथि परिचय उपरांत अतिथियों द्वारा मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं भारत माता की आरती की गई। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति सरस्वती ज्ञान मंदिर के बच्चों के द्वारा दी गई तथा महात्मा गांधी कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने महापुरुषों की वेशभूषा में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के योगी जी के प्रभावी संबोधन पश्चात मातृशक्ति अतिथि जादम ने संबोधित करते हुए मातृशक्ति से संयुक्त परिवार कुटुम्ब प्रबोधन के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान का आवाह्न किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विवेक दुबे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ के द्वारा विगत 100 वर्षों में समाज के बीच किए गए कार्य और समाज जागरण के प्रयास आज साकार रूप लेते नजर आ रहे हैं।

### मुस्कुराते रहीं महिला डॉक्टर और नर्सें

# पहली बार मां बनने का सपना टूटा, तीन दिन तक कोख में बच्चे की लाश लेकर भटकती रही महिला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर




जिला अस्पताल का मातृ-शिशु केंद्र अब जीवनदायिनी नहीं, बल्कि मौत का गलियारा बन चुका है। यहां डॉक्टरों की संवेदनहीनता ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दी है। यही कारण है कि एक बेबस मां, जिसके गर्भ में तीन दिन पहले ही उसका बच्चा दम तोड़ चुका था, वह अस्पताल की चौखट पर न्याय और इलाज के लिए गिड़गिड़ाती रही, लेकिन अस्पताल के जिम्मेदारों को उसकी तड़प सुनाई नहीं दी।

जिला अस्पताल की महिला डॉक्टर की लापवाही से शाजापुर निवासी महिला के लिए पहली प्रेग्नेंसी का अनुभव किसी खौफनाक मंजर जैसा बन गया। तीन दिन पहले ही उसके गर्भ में बच्चे ने दम तोड़ दिया था। कायदे से यह एक बेहद गंभीर मेडिकल इमरजेंसी थी, लेकिन अस्पताल के मठाधीशों को महिला की तड़प और परिजनों की सिसकियां सुनाई नहीं दीं। डॉक्टर इलाज करने के बजाय फाइलों में उलझे रहे और आपस में मुस्कुराते रहे। जब शनिवार को जिला अस्पताल की महिला डॉक्टर और नर्सों की लापरवाही ने सारी हदें पार कर दीं, संक्रमण की वजह से महिला का शरीर नीला पड़ने लगा और उसकी जान पर बन आई तब मजबूर परिजनों ने महिला की जान बचाने के लिए भारी मन से उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां के डॉक्टरों ने तुरंत ही इलाज शुरू कर महिला के पेट से मृत लड़की को बाहर निकाला।

### सहकार भारती स्थापना दिवस पर सहकारिता क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं का सम्मान

**बड़नगर।** सहकार भारती के स्थापना दिवस के अवसर पर आज एन डी व्यास गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता क्षेत्र में निरंतर सेवा और उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ नेताओं का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सहकारिता नेता सुकमाल जैन,रतनलाल चौधरी एवं संतोष जोशी को उनके सहकारिता क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में सबसे पहले पूजन कर दीप प्रज्वलित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सहकारिता आंदोलन समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का सशक्त माध्यम है।

# कुंवर मनोहर सिंह की जयंती पर 2000 निराश्रितों को बांटे कंबल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर

सहकारिता के पितृपुरुष और गुलाना क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय कुंवर मनोहर सिंह की 76वीं जन्म जयंती रविवार को बेरछा मंडी में सेवा और सद्भाव के महापर्व के रूप में मनाई गई। समाजसेवी एवं पूर्व जिला सहकारी संघ अध्यक्ष हाजी मुन्ना पठान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र की 2000 से अधिक गरीब, निराश्रित और विधवा महिलाओं व पुरुषों का सम्मान करते हुए उन्हें कंबल भेंट किए गए।

### विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं उनके संस्कार

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वर्गीय सिंह के पुत्र योगेंद्र सिंह बंटी बना ने अपने संबोधन में कहा कि उनके पिता ने सहकारिता के माध्यम से क्षेत्र का जो विकास किया, वह आज भी मील का पत्थर है। उन्होंने कहा, आज पिताजी हमारे बीच शारीरिक रूप से नहीं हैं, लेकिन क्षेत्र की जनता का यह अद्भुत प्रेम और स्नेह दर्शाता है कि वे आज भी जन-जन के हृदय में जीवित हैं। हम सदैव हर वर्ग की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।

### सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल बना आयोजन

मुख्य आयोजक हाजी मुन्ना पठान ने भावुक होते हुए कहा कि स्व. सिंह ने हमें सांप्रदायिक सौहार्द और सर्वधर्म समभाव का जो पाठ पढ़ाया है, हम उसी मार्ग पर चल रहे हैं। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा को दुनिया का सबसे पवित्र रिश्ता बताते हुए कहा कि चेयरमैन साहब के पदचिह्नों पर चलते हुए वे सदैव गरीबों और निराश्रितों की सेवा करते रहेंगे।

कार्यक्रम में विशेष रूप से नागरिक अभिनंदन के अंतर्गत शहीद सुरेंद्र सिंह की पत्नी अनीता बामनीय का सम्मान किया गया। वहीं कोमा से नया जीवन पाकर लौटीं नेहा प्रजापति का अभिनंदन किया गया। साथ ही राम मंदिर के महेश व्यास, जामा मस्जिद के हाजी हाफिज अलाउद्दीन साहब, हनुमान मंदिर के मुकेश त्रिवेदी जी आदि का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया।

# मौत बनकर घूम रहे आवारा मवेशी, सांड से टकराकर बाइक सवार तीन युवक लहूलुहान

### हादसे के 20 मिनट बाद तक नहीं मिली एम्बुलेंस, ऑटो से घायलों को ले जाना पड़ा जिला अस्पताल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शाजापुर



शहर के सुरक्षित यातायात के दावों को शनिवार रात एक आवारा सांड ने रौंद दिया। जनपद पंचायत कार्यालय के पास शहरी हाईवे पर एक तेज रफ्तार बाइक सांड से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार आशीष, सुनील जाटव और राजू जाटव घायल हो गए। बाइक आशीष चला रहा था, जिसे सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। विडंबना यह रही कि जिला मुख्यालय होने के बावजूद घायलों को 20 मिनट तक कोई एम्बुलेंस या वाहन नसीब नहीं हुआ, अंततः पुलिस ने ऑटो से उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

घायल सुनील ने बताया कि वे अपने दोस्तों के साथ बस स्टैंड से घर लौट रहा था। जनपद कार्यालय के पास स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण सड़क पर अंधेरा था, तभी अचानक एक सांड सामने आ गया और बाइक बेकाबू होकर उससे भिड़ गई।

### हादसे के बाद तमाशबीन बनी रही भीड़

दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, लेकिन मानवता उस वक्त शर्मसार हुई जब तड़पते हुए युवकों को अस्पताल ले जाने के लिए 20 मिनट तक कोई गाड़ी नहीं रुकी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मोर्चा संभाला और निजी ऑटो बुलाकर घायलों को जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल में भर्ती आशीष की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। उसके सिर में अंदरूनी चोटें आई हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर समय रहते आवारा मवेशियों को हटाया नहीं गया और सड़कों पर पर्याप्त रोशनी नहीं की गई, तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

# सत्य की उपासना के साथ शक्ति की भी आवश्यकता - ओक

## आंबासोटी मंडल के ग्राम कालीदेवी में हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन

ब्रह्मास्त्र ›› टांडा



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष में टांडा खंड के आंबासोटी मंडल में हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय अधिकारी प्रचारक श्री अनिल जी ओक ,भेरू घाट की माता राम 1008 मीनाक्षी पूरी की उपस्थिती में प्रारंभ हुआ

1500 वर्ष तक गुलाम रहे हमारे देश को वीर महापुरुषो ने आजाद दिलवाई आजादी में जनजाति वर्ग के वीरो का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है भारत में हिन्दू सदा प्रताड़ित रहता था अंग्रेजो की मार खाता था बेरहमी से कत्ल कर दिया जाता था तब डाक्टर हेडगेवार जी को हिंदू संगठन बनाने की आवश्यकता महसूस हुई 1925 में संघ की स्थापना की तथा बिखरे हुए हिंदू समाज को एक जुट करने की कोशिश की आज संघ को 100 वर्ष हो रहे हे तथा शताब्दी वर्ष मना रहा हे पूरे देश में एक लाख से अधिक हिंदू सम्मेलन का आयोजन हो रहा है आज हमे हिंदू सम्मेलन की आवश्यकता क्यो पढ़ रही हे इस पर मंथन करना आवश्यक हे तत्कालीन राजनेताओं जो अपने आप को हिंदू कहलवाना भी पसंद नही करते थे भेद भाव की राजनीति होने लगी चंद लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाया जाता धर्म जाति भाषा रहन सहन के नाम पर बरगलाया जाता था तथा हिन्दू तथा सनातन को खत्म करने की साजिश चल रही हे तब हिदू सम्मेलन आयोजित करना आवश्यक हो रहा हे जन जाति समाज प्रारंभ से ही प्रकृति का पूजक रहा हे भूमि पेड़ नदी सूर्य चांद की पूजा करता रहा हे भगवान राम कृष्ण को मानता रहा हे क्षेत्र के हिसाब से पूजा पद्धति भाषा पहनावा अलग हो सकता है किंतु हमारी संस्कृति एक हे राम हमारी संस्कृति की धुरी हे जिस भूमि पर हम पैदा हुए वह भारत भूमि हमारी माता है हमे जन्म से गाय की रक्षा करना सिखाया जाता है। हम गाय माता के मल मूत्र की भी पूजा करते है।

उक्त बात विशाल हिंदू सम्मेलन में अखिल भारतीय स्तर के संघ पधाधिकारी श्री अनिल जी ओक ने कालीदेवी में हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही आपने कहा की संघ कभी छुआ छूत भेद भाव नही करता देश में आई विपदा पर एक जुट होकर जन जन की रक्षा सुरक्षा करता हे सेवा में धर्म जाति देख कर भेद भाव नही करता है मुसलमान रसखान का सम्मान करता तो वैज्ञानिक राष्ट्रपति अब्दुल कलाम का भी क्योंकि ये हमेशा राष्ट्र भक्त रहे हे हमे नर सेवा ही नारायण सेवा सिखाया जाता है हिदू धर्म ही हे जहा पिता के वचन निभा ने के लिए राम वनवास चले जाते हे वनवासी जीवन अपना कर भरत अयोध्या का राज सम्हालते हे गुरु गोविंदसीह जी के दो पुत्रों जिनकी उम्र 7 वर्ष तथा 9 वर्ष थी हिंदू धर्म छोड़ मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए दबाव बनाया जाता नही मानने पर जब दीवाल में चुनवा दिया जाता हे तो राष्ट्र के लिए मरने के लिए दोनो भाई गोरांवित महसूस करते हे जबकि ओरंगजेब ने अपने पिता को ही कारागार में डलवा कर राज गद्दी पर बैठ गया था जिसने कारागार में अपने पिता को पीने के पानी के लिए भी तड़फाया था आज हमे भामा शाह जैसे व्यापारी बनने की भी आवश्यकता हे

आपने कहा की दुसरो की सेवा करना भी धर्म हे पंच परिवर्तन से हम समाज में जागरूकता ला सकते है नागरिक जागरूकता, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता ,राष्ट्र हित, पर्यावरण इससे हिंदुत्व की भी रक्षा होगी आने वाला समय भारत का हे वह शांति के माध्यम से विश्व को संदेश देगा मोका आने पर शक्ति के उपासक अपनी शक्ति का उपयोग भी करेगा हम आज संकल्प ले की हम हिंदू हे सनातनी हे धर्म परिवर्तन नही करेंगे नहीं धर्म परिवर्तन होने देंगे । कार्यक्रम के आरंभ में भेरू घाट की माताराम मीनाक्षी पूरी ने सभी से गो माता की सेवा एवं रक्षा करने का आव्हान किया ।

सम्मेलन में हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे कार्यक्रम के अंत में भारत माता की आरती उतारी गई भोजन मंत्र के बाद समरसता भोज हुआ कार्यक्रम का संचालन अमर जी भाई ने किया प्रारंभ में मंचासिन अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित किया हिंदू उत्सव समिति ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया इंदरसिह भाई ने हिंदू रीति रिवाज से ही कार्य करने की बात रखी ।



## विश्व हिंदी भाषा दिवस पर साहित्यकार डॉ. चौरे का किया शिवसेना ने सम्मान

**खंडवा।** आज विश्व हिंदी दिवस पर शिवसेना प्रमुख गणेश भावसार एवं सिंधी, हिंदी साहित्यकार निर्मल कुमार मंगवानी ने सुरभि साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व प्राचार्य एवं विश्व साहित्यकार डॉ. जगदीशचंद्र चौरे (93 वर्षीय) के हरिगंज स्थित निवास स्थान पर पहुंचे। जहां उनका शाल, श्रीफल एवं मोतियों की माला से सम्मान कर बधाई देकर विश्व में हिंदी भाषा को प्रथम स्थान प्राप्त होने की कायम करने के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ. चौरे ने समस्त शिव सैनिकों एवं विश्व में निवासरत भारतीयों को हिंदी का अधिकाधिक उपयोग कर राष्ट्रीय की बिंदी बनाने का आह्वान किया।

## मां नर्मदा महापुराण का भव्य आयोजन 17 से 23 जनवरी तक

**मंडलेश्वर।** मां नर्मदा जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मंडन मिश्र की नगरी मंडलेश्वर में मां नर्मदा महापुराण का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन पंडित श्री अंतेष व्यास महाराज के पावन मुखारविंद से 17 जनवरी से 23 जनवरी तक श्रीराम घाट, नर्मदा तट पर संपन्न होगा। आयोजन की शुरूआत 17 जनवरी को प्रातः 10 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। महापुराण कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन प्रातः 7 बजे मां नर्मदा जी का दुग्धाभिषेक एवं सायं 7.30 बजे महाआरती संपन्न होगी।कथा की पूणार्हुति एवं महाभंडारे का आयोजन 23 जनवरी को शाम 5 बजे किया जाएगा। मां नर्मदा महापुराण का सीधा प्रसारण अथर्व टीवी पर लाइव दिखाया जाएगा। आयोजक मंडल मां नर्मदा ₹आप और हम₹ ने समस्त श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

# टांडा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ›› टांडा



गुरुकुल एकेडमी में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा को मंच प्रदान करने हेतु एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न कार्यशील विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किए गए, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावकगण एवं ग्राम की निजी विद्यालयों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी में प्रदर्शित मॉडलों की नवीन सोच, वैज्ञानिक समझ और प्रस्तुति शैली ने सभी आगंतुकों को अत्यंत प्रभावित किया। उपस्थित शिक्षकों एवं दर्शकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की खुलकर सराहना की।

इस अवसर पर शिशु मंदिर टांडा की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा शर्मा तथा सन राइज पब्लिक स्कूल के संचालक श्री अशोक कपुरवाल ने गुरुकुल एके-डमी के सभी होनहार विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं और ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

प्रदर्शनी की संपूर्ण रूपरेखा एवं मार्गदर्शन गुरुकुल एकेडमी के समर्पित शिक्षक श्री देबाप्रसाद साहू एवं कुमारी सुरभि सोनी द्वारा तैयार की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं कार्यशील विज्ञान मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास हुआ।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संचालक श्री अमित जैन एवं श्री आलपेश जैन ने सभी अभिभावकों, अतिथियों एवं आगंतुकों का हृदय से आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षिक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का आश्वासन दिया।

## श्रीमद् महापुराण कथा 19 जनवरी से

**मनावर।** माँ रेवा आश्रम सेमल्दा में श्रीमद् महापुराण कथा 19 जनवरी से 25 जनवरी 2026 तक दोप. 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित की गई है जिसमें प्रसिद्ध कथावाचक रिद्धि शर्मा गौरांगी के मुखारबिंद से कथा होगी। श्री षणमुखानंद महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि माँ नर्मदा श्रीमद् भागवत कथा करने वाली है तथा करवाने वाली भी माँ नर्मदा है। अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर धर्मप्रेमी जनता कथा श्रवण कर पुण्य अर्जित करे।

## 12 जन.को सूर्य नमस्कार संदीपनी विद्यालय में

**मनावर।** शासन के निर्देशानुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुन्नालाल ठाकुर के मार्गदर्शन में 12 जनवरी सोमवार को स्वामी विवेकानंद का जन्मोत्सव ₹युवा - दिवस₹ के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय सांदीपनि विद्यालय परिसर सेमल्दा फटा पर सूर्य नमस्कार का आयोजन प्रातः 9 बजे किया गया है। उक्त जानकारी प्राचार्य सोहन शिंदे सांदीपनि विद्यालय ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, स्कूली बच्चे सम्मिलित होंगे।

## 12 जनवरी को होगा जिला स्तरीय सामुहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

**बड़वानी ।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को जिला स्तरीय सामुहिक सूर्य नमस्कार समारोह जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में प्रातः 9 बजे से ई.एफ.ए. शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 बड़वानी में आयोजित किया जायेगा ।

# मांडवा में शासकीय प्राथमिक शाला में सुविधाओं की कमी

ब्रह्मास्त्र ›› नेपानगर



नेपानगर के मांडवा गांव में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला सुर सिंह फाल्या में गंदगी और सुविधाओं की कमी की समस्या गंभीर होती जा रही है। स्कूल की लेटरिंग बाथरूम अधूरा पड़ा है, दरवाजे नहीं हैं, और पानी की व्यवस्था भी नहीं है। सुनील सोलंकी ने बताया कि उन्होंने कई बार सरपंच और सचिव से शिकायत की, लेकिन काम आज तक अधूरा पड़ा है।

सुनील सोलंकी ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिन के अंदर लैट्रिन बाथरूम का कार्य पूर्ण नहीं हुआ, तो वे कलेक्टर महोदय के पास शिकायत करेंगे। ग्रामीणों ने स्कूल की समस्या का समाधान करने की मांग की है। ग्राम सचिव सुनील महाजन ने बताया कि उन्हें अभी-अभी प्रभार मिला है, और वे 15 से 20 दिन के अंदर समस्या का निराकरण करने का आश्वासन देते हैं। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यह आश्वासन पहले भी कई बार दिया जा चुका है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने मांग की है कि स्कूल की समस्या का समाधान तुरंत किया जाए, ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके।

# सम्मेलन को लेकर कलश यात्रा

ब्रह्मास्त्र ›› मंडलेश्वर



मंडलेश्वर।सकल हिंदू समाज सम्मेलन के तारतम्य में रविवार को कलश यात्रा का आयोजन हुआ। नर्मदा तट स्थित राम घाट पर नगर के अनेक समाज के महिला-पुरुष एकत्रित हुए। यहां पांच कलश और मां नर्मदा जी का पूजन-आरती की गई। जिसके बाद कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं कलश लेकर चल रहीं थीं। यात्रा नर्मदा तट से शुरू हो कर घंटाघर चौक, एमजी रोड, पुलिस चौकी होते हुए बस स्टैंड स्थित श्री बजरंग हनुमान मंदिर पहुंची। यहां हनुमान जी के चरणों में कलश रख सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। पश्चात पांचों कलशों को नगर के अलग-अलग मंदिरों में रखने के लिए ले जाया गया। मुख्य कलश श्री जूना राम मंदिर में स्थापित किया गया। वहीं चार कलश लक्ष्मीनारायण कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर, छप्पन देव मंदिर, शांति नगर स्थित हनुमान मंदिर और श्रीनगर स्थित दुर्गा मंदिर में ले जाकर स्थापित किए। कलश यात्रा का नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने पुष्प वर्षा कर किया। जिन मंदिरों में कलश रखे गए हैं, वहां १८ जनवरी तक रोज प्रभात फेरी निकाली जाएगी और रात्रि में भजन संध्या भी होगी। इस दौरान विधायक राजकुमार मेव, सतीश मोयदे, पूर्व नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, नितिन पाटीदार,रामेश्वर पाटीदार, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष उपस्थित थे।

नगर में सकल हिंदू सम्मेलन का आयोजन 18 जनवरी को होगा। जिसमें शामिल होने के लिए नगर के समाज के लोगों को निमंत्रित किया गया है। स्कूल मैदान में होने वाले सम्मेलन में आज रखे गए अलग-अलग मंदिरों के सभी पांचों कलश लाए जाएंगे। यहां संतों की उपस्थिति में कलशों की पूजा के बाद प्रवचन होंगे। पश्चात सकल हिंदू समाज एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण करेगा।

## कलश यात्रा में समाज के बच्चे एवं मातृशक्ति वरिष्ठ जन शामिल हुए

**खरगोन ।** 18 जनवरी रविवार को हिन्दू महासम्मेलन मोटीमाता बस्ती में होने वाला है जिसके निमित्त आज दिनांक 11 जनवरी रविवार को प्रातः 11 बजे अक्षत कलश यात्रा मोटीमाता मंदिर से निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के बच्चे, मातृशक्ति,ओर वरिष्ठजन शामिल हुए।साथ ही हिन्दू महासम्मेलन कार्यक्रम स्थल लक्ष्मी नगर (काला खेत) पहुच कर वहाँ ध्वज पूजन और भूमि का पूजन कार्य सम्पन्न हुआ।

## श्रीमद् भागवत कथा के पंडाल मे भजन निशा का आयोजन

**मनावर।** मान नदी किनारे स्थित श्री राम मंदिर परिसर मे चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा पंडाल मे रात्रि कालीन कार्यक्रम के अंतर्गत भजन निशा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भजन गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर पूरा वातावरण भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम में समाज सेवियों का सम्मान भी किया गया।

मुख्य अतिथि प्राचार्य मुकेश पिपलाज व विशेष अतिथि साहित्यकार विश्वदीप मिश्रा, समाजसेवी जयप्रकाश सेन, योगेश जख़्मी, संदीप जाजमे, अनिल तोमर कराटे खिलाड़ी विशाल दामके एवं कवि राम शर्मा परिंदा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारम्भ किया।



# इंडियन आइडल-3 के विनर प्रशांत तमांग का निधन

**कार्डियक अरेस्ट आया, पाताललोक सीरीज में दिखे थे, सलमान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान में काम किया**

इंडियन आइडल सीजन 3 के विनर प्रशांत तमांग का रविवार को कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया। 43 साल के प्रशांत का निधन दिल्ली के जनकपुरी स्थित उनके घर पर हुआ।

पीटीआई के अनुसार, सिंगर-एक्टर को कार्डियक अरेस्ट आने बाद दिल्ली के द्वारका स्थित एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया।

प्रशांत टीवी शो इंडियन आइडल सीजन 3 जीतकर मशहूर हुए थे। वह वेब सीरीज पाताललोक के दूसरे पार्ट में भी नजर आए थे। प्रशांत इसके अलावा सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान में भी नजर आने वाले हैं, जो 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इंडियन आइडल जीतने के बाद प्रशांत तमांग ने अपना पहला एल्बम धन्यवाद रिलीज किया था। उन्होंने विदेशों में भी कई लाइव शो किए। प्रशांत सिंगर होने के साथ-साथ एक्टर भी थे। साल 2010 में उन्होंने नेपाली फिल्म गोरखा पलटन से एक्टिंग की शुरूआत की थी। इसके बाद वह अंगालो यो माया को, किन माया मा, निशानी और लाडैन जैसी कई फिल्मों में नजर आए थे। प्रशांत को कोई गंभीर बीमारी नहीं थी द काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, निधन से पहले प्रशांत को कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। बताया गया कि उनकी मौत की जानकारी सबसे पहले उनकी सास को मिली। इसके बाद उन्होंने इंडियन आइडल में उनके दोस्त अमित पॉल को बताया। अमित ने फिर सोशल मीडिया पर यह खबर शेयर की।


# 'ओ रोमियो' के टीजर में दिखा शाहिद का खतरनाक अंदाज

शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म ओ रेमियो का टीजर रिलीज हो गया। लगभग डेढ़ मिनट के एक्शन ड्रामा से भरे टीजर में शाहिद के अलावा, नाना पाटेकर, विक्रांत मेसी, अविनाश तिवारी, फरीदा जलाल, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी और तमन्ना भाटिया की झलक देखने को मिलती है।

टीजर की शुरूआत शाहिद के आवाज से शुरू होती है। शाहिद का किरदार एक जहाज पर है, जो छोटू नाम पुकारते हुए अपना आपा खोता है। ओ रेमियो में शाहिद अपने अब तक के किरदारों से एकदम हटकर काउबॉय लुक में नजर आ रहे हैं।

**स्क्रीन पर तृप्ति डिमरी के साथ पहली बार रोमांस करेंगे, फैंस बोले- 2026 शानदार होगा**

उनके किरदार ने काउबॉय हैट के साथ जूलरी पहनी हुई है। पूरी बॉडी पर टैटू बना नजर आ रहा है। साथ ही, पूरे टीजर में शाहिद को गुंडों से लड़ते और गोलियां चलाते दिखाया गया है।









शाहिद की एंट्री के बाद टीजर में एक-एक करके नाना पाटेकर, दिशा पाटनी, विक्रांत मेसी, तमन्ना भाटिया, अविनाश तिवारी और बाकी किरदारों की एंट्री होती है।

टीजर में फरीदा जलाल की एंट्री सरप्राइजिंग रही। उनका किरदार यह कहते हुए दिखाया गया है- 'इश्क में आशिक तर जाए तो रोमियो हो। मर जाए तो चू...।' फरीदा जलाल का ये डायलॉग फैंस को हैरान कर रहा है। ओ रेमियो का टीजर फैंस को काफी पसंद आ रहा है। शाहिद के फैंस को टीजर से कमीने फिल्म की वाइब मिल रही है।

कुछ फैंस इसे शाहिद का शानदार कमबैक बता रहे हैं तो कुछ का कहना है कि साल 2026 खतरनाक होने वाला है क्योंकि धुरंधर 2, ओ रोमियो, किंग, लव एंड वॉर, रामायण जैसी फिल्में रिलीज होंगी। विशाल भारद्वाज की ये फिल्म 13 फरवरी को रिलीज होगी। फिल्म को साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है। ये पहली बार होगा, जब विशाल और साजिद साथ काम कर रहे हैं।

वहीं, शाहिद आठ साल बाद विशाल भारद्वाज के डायरेक्शन में काम कर रहे हैं। इससे पहले दोनों 'कमीने', 'रंगून' और 'हैदर' में साथ काम कर चुके हैं। 'ओ रेमियो' में शाहिद और तृप्ति डिमरी की जोड़ी भी फ्रेश है। दोनों पहली बार स्क्रीन शेयर करेंगे।



# प्रभास की फिल्म राजा साब की स्क्रीनिंग में लगी आग

**थिएटर में आरती करने लगे फैंस, थाली गिरने से हुआ हादसा, गमछे से आग बुझाते दिखे दर्शक**

साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म राजा साब 9 जनवरी को रिलीज हुई है। शनिवार को ओडिशा में फिल्म राजा साब की स्क्रीनिंग के दौरान बड़ा हादसा होने से टल गया। दरअसल, फैंस प्रभास के एक फाइट सीन को देखकर उतावले हो गए और थिएटर में आरती करने लगे। कुछ देर बाद आरती की थाली गिर गई, जिससे थिएटर में आग लग गई।

ये घटना ओडिसा के रायगढ़ा में स्थित अशोक टॉकीज हॉल की है। फिल्म की शुरूआत में प्रभास पर फिल्माया गाना दिखआया जा रहा था, जिसे देख फैंस उतावले हो गए। गाना देखकर प्रभास के कुछ फैंस आरती की थाली लेकर स्क्रीन की आरती उतारने लगे। भीड़ में फैंस के हाथ से थाली गिरी और देखते ही देखते आग फर्श पर फैलने लगी। थिएटर में मौजूद फैंस ने तुरंत एकजुट होकर आग बुझाने की कोशिश की, जब तक थिएटर स्टाफ भी पहुंच गया। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें थिएटर में मौजूद लोग गमछे और कपड़ों से आग पर काबू पाते नजर आ रहे हैं। आग लगने के अलावा भी प्रभास की फिल्म राजा साब की स्क्रीनिंग का एक अटपटा मामला भी सामने आया है, जिसमें कुछ फैंस थिएटर में मगरमच्छ के साथ नजर आए हैं।

# खुशी कपूर-वेदांग रैना के ब्रेकअप का दावा

**दोनों दो साल तक डेट करने के बाद अलग हुए**

एक्ट्रेस खुशी कपूर और एक्टर वेदांग रैना के रिश्ते को लेकर दावा किया गया है कि दोनों का ब्रेकअप हो चुका है और करीब दो साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद अब वे अलग हो गए हैं।

इस ब्रेकअप का दावा फिल्म जर्नलिस्ट विक्की लालवानी ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर किया है। उन्होंने लिखा कि खुशी और वेदांग अब कपल के तौर पर साथ नहीं हैं। हालांकि, दोनों के अलग होने की वजह अभी सामने नहीं आई है और न ही खुशी कपूर या वेदांग रैना की तरफ से इस खबर पर कोई रिएक्शन दिया गया है।

बता दें कि खुशी कपूर और वेदांग रैना के अफेयर की चर्चाएं साल 2023 में शुरू हुई थीं, जब दोनों ने फिल्म द आर्चीज में साथ काम कर रहे थे। इस फिल्म का निर्देशन जोया अख्तर ने किया था। कहा जाता है कि फिल्म के सेट पर ही दोनों की दोस्ती गहरी हुई और यही दोस्ती धीरे-धीरे रिश्ते में बदल गई। हालांकि दोनों ने कभी भी अपने रिश्ते को पब्लिकली स्वीकार नहीं किया, लेकिन अप्रैल 2025 में



खुशी ने एक खास नेकपीस पहना था, जिसमें श और ङ के साथ एक हार्ट बना हुआ था। इसे लेकर सोशल मीडिया पर कयास लगाए गए कि खुशी ने इशारों-इशारों में अपने रिश्ते को पब्लिक कर दिया है।

वहीं, जुलाई के महीने में वेदांग ने अपने खुशी के साथ बॉन्ड को लेकर हिन्दुस्तान टाइम्स से बातचीत में कहा था, खुशी के साथ काम करना बहुत आसान और मजेदार था। हमारे बीच अपने आप एक अपनापन है। हमारा रिश्ता सहज और सच्चा है और ये कनेक्शन इस कैंपेन में साफ दिखता है। वर्क फ्रंट की बात करें तो खुशी कपूर द आर्चीज के बाद लवयापा और नादानिया जैसी फिल्मों में नजर आईं, जो 2025 में रिलीज हुईं। वहीं 2026 में वह मॉम 2 में दिखाई देंगी। दूसरी ओर, वेदांग रैना को आखिरी बार हाल ही में आलिया भट्ट के साथ फिल्म जिगरा में देखा गया था। फिल्म 11 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।





### विराट कोहली के 93 रन की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड को पहले वनडे में 4 विकेट से हराया

# कोहली क्रिकेट के दूसरे टॉप स्कोरर बने

## सबसे तेज 28 हजार रन भी बनाए, भारत ने 20वीं बार 300+ का टारगेट चेज किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

विराट कोहली के 93 रन की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड को पहले वनडे में 4 विकेट से हरा दिया। रविवार को वडोदरा में न्यूजीलैंड ने 300 रन बनाए। भारत ने वनडे में 20वीं बार 300+ रन का टारगेट चेज कर लिया। कोहली ने सबसे तेज 28 हजार रन बनाने का रिकॉर्ड हासिल किया, वे इंटरनेशनल क्रिकेट के दूसरे टॉप स्कोरर भी बन गए।







**विराट का लगातार 5वां 50+ स्कोर-** विराट कोहली ने वनडे में लगातार 5वीं बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया। वे अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के शुरूआती 2 मैचों में खाता भी नहीं खोल सके थे, लेकिन तीसरे मुकाबले में फिफ्टी लगा दी। फिर साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 शतक और एक फिफ्टी लगा दी। अब न्यूजीलैंड के खिलाफ 93 रन बनाकर उन्होंने लगातार पांचवें वनडे में 50+ स्कोर बनाया।

विराट ने वनडे में 5वीं बार लगातार 5 पारियों में 50 से ज्यादा रन के स्कोर बनाए। इस रिकॉर्ड में वे टॉप पर हैं। उनके बाद साउथ अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक, न्यूजीलैंड के केन विलियमसन और पाकिस्तान के बाबर आजम 2-2 बार ऐसा कर सके हैं।

**सबसे तेज 28 हजार रन बनाए-** कोहली ने 93 रन की पारी में 25वां रन बनाते ही अपने 28 हजार इंटरनेशनल रन पूरे कर लिए। इसके लिए उन्होंने 624 पारियां ही लीं। वे सबसे कम पारियों में इस रिकॉर्ड तक पहुंचे। उनसे पहले भारत के ही सचिन तेंदुलकर ने 644 पारियों में 28 हजार रन बनाए थे।

**दूसरे टॉप स्कोरर बने विराट-** विराट पारी में 42वां रन बनाते ही इंटरनेशनल क्रिकेट के दूसरे टॉप रन स्कोरर बन गए। उन्होंने श्रीलंका के कुमार संगकारा का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम 28016 रन थे। कोहली के फिलहाल 28068 रन हो गए। भारत के ही सचिन तेंदुलकर 34357 रन बनाकर टॉप पर हैं।

**20वीं बार 300+ का टारगेट चेज किया-** टीम इंडिया ने 301 रन का टारगेट 49 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत ने वनडे में 20वीं बार 300 प्लस रन चेज किए। इस रिकॉर्ड में टीम इंडिया ही टॉप पर है। इंग्लैंड ने 15 और ऑस्ट्रेलिया ने 14 बार 300 प्लस रन का टारगेट सफलतापूर्वक चेज किया है।

**विराट 90एस में आउट होने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय-** 37 साल 67 दिन के विराट कोहली वनडे में 90 से 99 रन के बीच आउट होने वाले भारत के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जो 36 साल 282 दिन की उम्र में 90 सेकंड में आउट हुए थे। ओवरऑल विराट 9वीं बार 90 से 99 रन के बीच वनडे में आउट हुए। वे एक बार वेस्टइंडीज के खिलाफ 99 रन पर भी आउट हो चुके हैं।

**ओपनर रोहित ने सबसे ज्यादा वनडे सिक्स लगाए-** भारत के ओपनर रोहित शर्मा ने 26 रन की पारी में 2 छक्के लगाए। इसी के साथ वे वनडे में ओपनिंग करते हुए सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम 328 सिक्स हैं। रोहित के अब 329 छक्के हो गए।

रोहित के नाम वनडे में सभी पोजिशन मिलाकर सबसे ज्यादा 357 छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी है। रोहित टेस्ट में भारत के तीसरे टॉप सिक्स हिटर हैं, इस फॉर्मेट में उन्होंने 88 छक्के लगाए। रोहित टी-20 इंटरनेशनल के टॉप सिक्स हिटर हैं, इस फॉर्मेट में उन्होंने 205 छक्के लगाए हैं। तीनों फॉर्मेट मिलाकर भी सबसे ज्यादा 648 छक्के रोहित ने ही लगाए हैं।

### फतेहाबाद के दिव्यांग तैराक सुरेंद्र श्रीलंका में नापेंगे रामसेतु



### 33 किमी लंबाई, दोनों पैरों से दिव्यांग, 14 देशों में कर चुके स्विमिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ फतेहाबाद

हरियाणा के फतेहाबाद जिले के गांव भूथन कलां के अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग तैराक सुरेंद्र ढाका अब सात समुद्रों को नापने की तैयारी में हैं। इसकी शुरूआत उन्होंने अरब सागर से कर दी है। अगला लक्ष्य श्रीलंका में जाकर रामसेतु को तैर कर पार करना है। यह लंबाई करीब 33 किलोमीटर की होगी।

बता दें कि, दोनों पैरों से दिव्यांग सुरेंद्र ढाका पिछले 12 सालों से तैराकी कर रहे हैं। दो दिन पहले ही उन्होंने महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में जाकर अरब सागर में 36 किलोमीटर की चैनल स्विम 9 घंटे 40 मिनट में पार कर गोल्ड मेडल जीता है। यह स्विमिंग अरब सागर में धरमतर जेट्टी से गेटवे ऑफ इंडिया तक की गई। इसी से उत्साहित सुरेंद्र अब रामसेतु पार करना चाह रहे हैं। सुरेंद्र ढाका 14 देशों में स्विमिंग कर चुके हैं। इनमें जापान, उज्बेकिस्तान, जर्मनी, रूस और यूएई आदि शामिल हैं। वह नेशनल लेवल पर अब तक 25 से ज्यादा मेडल जीत चुके हैं। जापान व उज्बेकिस्तान में हुई एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता। साल 2023 में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में चौथे नंबर पर रहे। 2014 में रुस में वर्ल्ड कप में तीसरा स्थान प्राप्त किया। दुबई में बोट रेस में भी मेडल जीते थे। बचपन में ही पोलियो हो गया था- सुरेंद्र ढाका की उम्र 40 साल है। उनके पिता रामकुमार ढाका किसान हैं, जबकि मां धनकोरी देवी गृहिणी थी। सुरेंद्र चार भाई और एक बहन में सबसे छोटे हैं।

## तमीम इकबाल को भारतीय एजेंट कहने पर विवाद

### बांग्लादेशी क्रिकेटर्स अपने ही बोर्ड पर भड़के प्रेसिडेंट बोले- डायरेक्टर का बयान निजी राय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सिलहट

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के फाइनेंस डायरेक्टर के तमीम इकबाल को भारत का एजेंट का एजेंट कहने पर विवाद हो गया है। कप्तान नजमुल हसन शांतो, तस्कीन अहमद, पूर्व कप्तान मोमिनुल हक और स्पिनर ताइजुल इस्लाम जैसे कई क्रिकेटर्स ने इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है।

इसके बाद बीसीबी प्रेसिडेंट ने अमीनुल इस्लाम ने कहा है- 'यह उस निदेशक की निजी राय थी। मैंने संबंधित अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है।' इस्लाम ने आगे कहा- 'तमीम ने देश के लिए बहुत कुछ हासिल किया है और सार्वजनिक बयान देते समय उन्हें यह ध्यान में रखना चाहिए था।' एक दिन पहले बीसीबी की फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन नजमुल ने एक फेसबुक पोस्ट में तमीम इकबाल को भारतीय एजेंट कहा था। नजमुल ने यह पोस्ट तमीम के उस बयान के बाद की थी, जिसमें पूर्व बांग्लादेश कप्तान ने बीसीबी को टी-20 वर्ल्ड कप के मामले में समझदारी से फैसला लेने की सलाह दी थी। बीसीबी प्रेसिडेंट ने अमीनुल इस्लाम यह भी कहा- हमें अभी तक आईसीसी से कोई जवाब नहीं मिला है। हमने अपनी चिंताओं से जुड़े सभी डॉक्यूमेंट्स और सबूत भेज दिए हैं। भारत के किसी भी शहर में मैच शिफ्ट करने से हमारी चिंता दूर नहीं होंगी। भारत का कोई भी



वैकल्पिक वेन्यू भारत में ही रहेगा। अगर आईसीसी हमारे मैच श्रीलंका में खेलने की अनुमति नहीं देता है, तो हम आगे क्या करेंगे, इस पर अभी कुछ नहीं कह सकता। मैंने हैदराबाद और चेन्नई के बारे में नहीं सुना है। संभव है कि हमें सोमवार या मंगलवार तक कुछ जानकारी मिले।

नजमुल के बयान पर बांग्लादेश की टेस्ट टीम के कप्तान नजमुल हसन शांतो ने कहा- 'यह अस्वीकार्य है। एक खिलाड़ी, चाहे वह पूर्व कप्तान हो या नहीं, सम्मान का हकदार होता है, अंततः एक क्रिकेटर सम्मान की आशा रखता है।'शांतो के अलावा, तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद, पूर्व कप्तान मोमिनुल हक और स्पिनर ताइजुल इस्लाम समेत कई क्रिकेटर्स ने नाराजगी जाहिर की। पूर्व क्रिकेटर्स बोले- यह बयान मनोबल तोड़ने वाला मामले में बांग्लादेश क्रिकेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने कहा, 'बीसीबी निदेशक नजमुल द्वारा पूर्व कप्तान तमीम इकबाल के बारे में दिया गया बयान चौंकाने वाला है।

## मलेशिया ओपन में भारत का सफर खत्म



### सेमीफाइनल में पीवी सिंधु हारीं, सात्विक-चिराग भी क्वार्टरफाइनल में बाहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कुआलालंपुर

कुआलालंपुर में खेले जा रहे इहऋ सुपर 1000 मलेशिया ओपन बैडमिंटन टूनामेंट में भारत की चुनौती पूरी तरह समाप्त हो गई है। विमेंस सिंगल्स में दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जबकि मेंस डबल्स में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गई। इसके साथ ही टूनामेंट में भारतीय खिलाड़ियों का अभियान खत्म हो गया। विमेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में पीवी सिंधु का सामना चीन की वर्ल्ड नंबर-2 खिलाड़ी वांग झी यी से हुआ। सिंधु को सीधे गेमों में 16-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के दोनों गेमों में सिंधु ने शुरूआती बढ़त जरूर बनाई, लेकिन निर्णायक पलों में वह इसे बरकरार नहीं रख सकीं। पहले गेम में 3-4 अंकों की बढ़त के बाद की गई गलतियों का फायदा वांग झी यी ने उठाया। दूसरे गेम में सिंधु ने बैकहैंड साइड पर ज्यादा लिफ्ट खेली, जिस पर वांग झी यी ने लगातार स्मैश लगाकर दबाव बनाया और मैच अपने नाम कर लिया।

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### उद्योग मंत्री गोयल बोले

## भारत-ईयू एफटीए के केंद्र में रहेंगे किसान और एमएसएमई



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पीयूष गोयल की ब्रसेल्स यात्रा से भारत-ईयू एफटीए वार्ता को नई रफ्तार मिली। उच्चस्तरीय बैठकों में लंबित मुद्दों के समाधान, किसानों व एमएसएमई2 के हितों की सुरक्षा और भारत को वैश्विक सप्लाई चेन से जोड़ने पर जोर दिया गया। केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रसेल्स की दो दिवसीय यात्रा के साथ भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत को नई गति दी है। 8 और 9 जनवरी को हुई इस यात्रा के दौरान उन्होंने यूरोपीय आयोग के व्यापार व आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक के साथ उच्चस्तरीय वार्ता की, जिसमें लंबित मुद्दों को सुलझाने और समझौते को तेजी से आगे बढ़ाने पर मार्गदर्शन दिया गया।

वार्ता के केंद्र में प्रस्तावित भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता रहा। दोनों पक्षों ने किसानों और सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों (टरटए२) के हितों की रक्षा पर जोर देते हुए भारतीय उद्योगों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जोड़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। मंत्री गोयल ने कहा कि भारत और ईयू एक नियम-आधारित व्यापार ढांचे और आधुनिक आर्थिक साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो संतुलित और परस्पर लाभकारी हो। वाणिज्य मंत्रालय के बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने बाजार पहुंच, वस्तुओं के नियम, सेवाओं सहित विभिन्न वार्ता क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। मंत्रीस्तरीय चर्चा से यह संकेत मिला कि शेष मुद्दों को रचनात्मक संवाद के माध्यम से सुलझाने के लिए दोनों ओर मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति मौजूद है। मंत्रीस्तरीय बैठक से पहले 6-7 जनवरी को वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और यूरोपीय आयोग की महानिदेशक (ट्रेड) सबाइन वेयंड के बीच उच्चस्तरीय विचार-विमर्श हुआ।

### एलॉन मस्क की स्टारलिंक सेवा के लिए शुरू हुई उल्टी गिनती


# भारत में सैटेलाइट इंटरनेट क्रांति की दस्तक

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत के टेलीकॉम सेक्टर में एक ऐसा बदलाव आने वाला है जो इंटरनेट की परिभाषा को हमेशा के लिए बदल देगा। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलॉन मस्क की कंपनी 'स्टारलिंक' अब भारत में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के बेहद करीब है। पिछले कुछ महीनों से चल रही अटकलों और विनियामक प्रक्रियाओं के बाद, दिसंबर 2025 के अंत तक यह साफ हो चुका है कि स्टारलिंक ने न केवल दिल्ली के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में अपना पहला भारतीय कार्यालय खोल लिया है, बल्कि बेंगलुरु में अपनी टीम खड़ी करने के लिए बड़े पैमाने पर भर्तियां भी शुरू कर दी हैं। देश के सुदूर इलाकों, पहाड़ों और जंगलों में रहने वाले लोगों के लिए यह खबर किसी वरदान से कम नहीं है, क्योंकि अब बिना किसी केबल या मोबाइल टावर के सीधे आसमान से हाई-स्पीड इंटरनेट उनके घर तक पहुंचेगा। सोशल मीडिया और टेक गलियारों में इस समय केवल एक ही सवाल गूंज रहा है कि आखिर आम आदमी की जेब पर इसका कितना बोझ पड़ेगा और यह सेवा कब से लाइव होगी।

स्टारलिंक की भारत में एंट्री को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा इसके 'कीमत और प्लान' को लेकर हो रही है। हाल ही में कंपनी की वेबसाइट पर एक तकनीकी खराबी (ग्लिच) के कारण कुछ कीमतें दिखाई दी थीं, जिन्हें बाद में हटा दिया गया। हालांकि, लीक हुई रिपोर्ट्स और वैश्विक मानकों के अनुसार, भारत में स्टारलिंक का सेटअप शुल्क लगभग 34,000 रुपये के आसपास हो सकता है, जिसमें सैटेलाइट डिश, राउटर और अन्य जरूरी उपकरण मिलेंगे। मासिक प्लान को लेकर दो तरह की खबरें हैं; जहाँ शुरूआती रिपोर्ट्स में इसे 3,000 से 6,000 रुपये के बीच बताया गया था, वहीं ताजा लीक में आवासीय प्लान की कीमत 8,600 रुपये प्रति माह होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि, भारतीय बाजार की संवेदनशीलता को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि स्टारलिंक को रिलायंस जियो और एयरटेल जैसे प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करने के लिए अपनी कीमतों में और सुधार करना पड़ सकता है।

जैसे-जैसे 2025 का साल खत्म हो रहा है, भारत में सैटेलाइट इंटरनेट का बाजार गर्म होता जा रहा है। स्टारलिंक का मुकाबला केवल पारंपरिक कंपनियों से नहीं, बल्कि रिलायंस जियो के 'स्पेस फाइबर' और ईयूटेलसैट के 'वनवेब' से भी है। इस 'स्पेस वॉर' का सीधा फायदा भारतीय उपभोक्ताओं को होगा, जिन्हें अब कनेक्टिविटी के नए और बेहतर विकल्प मिलेंगे। आज हर तकनीक प्रेमी की नजर इस बात पर टिकी है कि क्या मस्क का यह 'ब्रॉडबैंड फ्रॉम द स्काई' भारत के डिजिटल अंतराल को पूरी तरह खत्म कर पाएगा। स्टारलिंक की एंट्री न केवल इंटरनेट की गति बढ़ाएगी, बल्कि यह देश के आर्थिक विकास और शिक्षा के क्षेत्र में भी एक नई क्रांति का सूत्रपात करेगी।




- स्पीड के मामले में स्टारलिंक किसी भी पारंपरिक ब्रॉडबैंड को कड़ी टक्कर देने वाला है। उम्मीद की जा रही है कि यूजर्स को 25 एमबीपीएस से लेकर 225 एमबीपीएस तक की जबरदस्त डाउनलोड स्पीड मिलेगी। सैटेलाइट इंटरनेट होने के बावजूद इसकी 'लेटेंसी' यानी डेटा ट्रांसफर की देरी बहुत कम (25 से 60 मिलीसेकंड) रहने का दावा किया गया है, जो ऑनलाइन गेमिंग और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए बेहतरीन है। स्टारलिंक ने स्पष्ट किया है कि उनकी सेवा मुख्य रूप से उन क्षेत्रों के लिए है जहाँ फाइबर ऑप्टिक या 5जी नेटवर्क नहीं पहुंच पाता है। शहरी इलाकों में जहाँ इंटरनेट पहले से ही सस्ता है, वहाँ स्टारलिंक एक 'प्रीमियम' विकल्प के रूप में उभरेगा, लेकिन ग्रामीण भारत के लिए यह एक जीवन बदलने वाली तकनीक साबित होगी।
- सरकार की ओर से स्टारलिंक को लेकर कुछ सख्त नियम भी बनाए गए हैं। सुरक्षा कारणों से भारत सरकार ने शुरूआती तौर पर स्टारलिंक के लिए केवल 20 लाख (2 मिलियन) कनेक्शन की सीमा तय की है। इसके अलावा, कंपनी को अपने गेटवे स्टेशनों को केवल भारतीय नागरिकों द्वारा संचालित करने और डेटा को भारत के भीतर ही स्टोर करने के निर्देश दिए गए हैं। स्टारलिंक ने महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना जैसे राज्यों में अपने गेटवे अर्थ स्टेशन स्थापित करने की योजना बनाई है, जो स्पेसएक्स के सैटेलाइट्स और भारतीय जमीन के बीच एक मजबूत पुल का काम करेंगे। टेलीकॉम मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और एलॉन मस्क के बीच हुई हालिया बातचीत ने इन अटकलों को और हवा दी है कि जनवरी 2026 तक देश में इस सेवा का औपचारिक उद्घाटन हो सकता है।

### सरकार ने कसा शिकंजा

## क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंजों पर जुड़ने वाले यूजर्स के लिए जियो टैगिंग अनिवार्य




ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

क्रिप्टो बाजार में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए भारत की वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) ने सख्त नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। अब क्रिप्टो एक्सचेंजों के लिए नए धनशोधन रोधी और अपने ग्राहक को जाने दिशानिर्देशों के तहत लाइवनेस डिटेक्शन के साथ सेल्फी लेना, जियो टैगिंग रिकॉर्ड करना और पेनी ड्रॉप तरीके से बैंक खाते का सत्यापन करना अनिवार्य कर दिया है।

इस महीने आठ तारीख को जारी इन ताजा दिशानिर्देशों के अनुसार क्रिप्टो एक्सचेंजों को आभासी डिजिटल संपत्ति (वीडीए) सेवा प्रदाता के रूप में वर्गीकृत किया गया है। अब इन्हें सिर्फ दस्तावेजों के अपलोड से आगे बढ़कर गहन जांच का सामना करना पड़ेगा।

एफआईयू ने 8 जनवरी को अपडेट दिशा-निर्देशों को जारी किया है। इसमें टंबलर, मिक्सर और गुमनामी बढ़ाने वाले टोकन से जुड़े लेनदेन को सुविधा नहीं दी जाएगी। ये दिशानिर्देश वर्चुअल डिजिटल एसेट्स (क्रिप्टोकरेंसी) से संबंधित सेवाएं देने वाली रिपोर्टिंग संस्थाओं के लिए मनी लॉन्ड्रिंग विरोधी (एएमएल) और आतंकवाद वित्तपोषण का मुकाबला (सीएफटी) दिशानिर्देश का हिस्सा हैं। इन दिशानिर्देशों को मार्च, 2023 में पहली बार प्रकाशित होने के लगभग तीन साल बाद अपडेट किया गया है।

इसके तहत उपयोगकर्ताओं को अब एक सजीव सेल्फी लेनी होगी। इसमें ऐसे सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाएगा, जो यह पुष्टि करेगा कि व्यक्ति खुद वहां मौजूद है। इसमें पलक झपकाने या सिर हिलाने को कहा जाएगा। यह कदम फोटो या डीपफेक के जरिए होने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए उठाया गया है।

### टिम कुक के बाद कौन संभालेगा एपल की कमान?

# रेस में सबसे आगे जॉन टर्नस, जानें उनकी कहानी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

टिम कुक के बाद एपल का अगला सीईओ कौन होगा? हार्डवेयर चीफ जॉन टर्नस का नाम सबसे आगे है। जानिए उनकी कार्यशैली, उपलब्धियां और उनके सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में।

दुनिया की सबसे मूल्यवान टेक कंपनी एपल में भविष्य के नेतृत्व को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। मौजूदा सीईओ टिम कुक (65) के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में कंपनी के भीतर एक नाम सबसे मजबूती से उभरा है- जॉन टर्नस। एपल के हार्डवेयर इंजीनियरिंग के हेड, टर्नस को टिम कुक की जगह लेने के लिए 'फ्रंट-रनर' (सबसे आगे) माना जा रहा है।

50 वर्षीय जॉन टर्नस ने 2001 में एपल जॉइन किया था और वे पिछले तीन दशकों में हार्डवेयर पर काम करने वाले पहले ऐसे सीईओ हो सकते हैं।

**शिक्षा और शुरूआत:** पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट टर्नस ने अपने करियर की शुरूआत वर्चुअल रियलिटी स्टार्टअप से की थी। एपल में उन्होंने मैक की





स्क्रीन पर काम करने से शुरूआत की और धीरे-धीरे पूरे हार्डवेयर विभाग के प्रमुख बन गए,।

**बड़ी उपलब्धियां:** हाल के वर्षों में, टर्नस ने एपल के कई बड़े बदलावों का नेतृत्व किया है, जिसमें 2020 में इंटेल चिप्स को हटाकर एपल की अपनी चिप्स का उपयोग करना और 'आईफोन एयर' का विकास शामिल है।

**इनोवेटर या मैनेजर:** कैसी है टर्नस की कार्यशैली? एपल के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, टर्नस की कार्यशैली स्टीव जॉब्स के जोखिम भरे 'विजनरी' अंदाज के बजाय टिम कुक के 'स्थिर और प्रबंधकीय' दृष्टिकोण से मिलती है।

**मुनाफे पर फोकस:** टर्नस को कंपनी की बॉटम लाइन (मुनाफे) का ध्यान रखने के लिए जाना जाता है। उदाहरण के लिए, जब आईफोन में एक महंगा लेजर कैमरा कंपोनेंट जोड़ने की बात आई, तो टर्नस ने इसे केवल महंगे 'प्रो' मॉडल्स तक सीमित रखने का सुझाव दिया। उनका तर्क था कि केवल वफादार ग्राहक ही इसके लिए अधिक भुगतान करेंगे, जिससे कंपनी का मुनाफा सुरक्षित रहा।

**जमीन से जुड़े नेता:** टर्नस को 'मैन ऑफ द पीपल' कहा जाता है। प्रमोशन मिलने के बाद भी उन्होंने अलग केबिन लेने से इनकार कर दिया और अपनी टीम के साथ ओपन ऑफिस में बैठना पसंद किया, जिससे कर्मचारियों के बीच उनकी छवि एक सहयोगी नेता की बनी।

### एपल के नए सीईओ के सामने कौन सी चुनौतियां?

हालांकि टर्नस सबसे प्रबल दावेदार हैं, लेकिन उनके सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। आलोचकों और पूर्व कर्मचारियों का कहना है कि टर्नस ने अभी तक कोई कठिन निर्णय नहीं लिया है और वे उत्पादों को नया बनाने के बजाय उन्हें बनाए रखने के लिए अधिक जाने जाते हैं।

बतौर सीईओ, उन्हें दो बड़ी चुनौतियों का सामना करना होगा-

**अककी रेस:** जहां अन्य टेक कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर अरबों खर्च कर रही हैं, वहीं एपल अभी इस रेस में पीछे है।

**भू-राजनीतिक तनाव:** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बदलती टैरिफ योजनाओं और चीन पर विनिर्माण निर्भरता को संभालना उनके लिए एक बड़ी परीक्षा होगी। टिम कुक ने कथित तौर पर वरिष्ठ नेताओं से कहा है कि वे अब थकान महसूस कर रहे हैं और अपना कार्यभार कम करना चाहते हैं। यदि वे पद छोड़ते हैं, तो उनके बोर्ड चेयरमैन बनने की संभावना है। ऐसे में, टर्नस- जो उसी उम्र (50) के हैं जिस उम्र में कुक ने 2011 में कमान संभाली थी- एपल के अगले 'बॉस' बनने के लिए पूरी तरह तैयार दिखते हैं, हालांकि क्रेग फेडरिघी और डिएड्र ओ'ब्रायन जैसे अन्य नाम भी रेस में हैं।

### जानिए आयात पर निर्भरता कैसे घटी

# 2025 में उर्वरक उत्पादन 524 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत ने 2025 में अपनी 73% उर्वरक जरूरतें घरेलू उत्पादन से पूरी कीं। कुल उत्पादन 524.62 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँचा। जानिए कैसे नई नीतियों और बंद इकाइयों के पुनरुद्धार से आयात पर निर्भरता घटी है।

भारत ने कृषि क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। रसायन और उर्वरक मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2025 में देश की कुल उर्वरक जरूरतों का करीब 73 प्रतिशत हिस्सा घरेलू उत्पादन के जरिए पूरा किया गया है। यह उपलब्धि उर्वरक आयात पर देश की निर्भरता को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार का कहना है कि वह किसानों को सशक्त बनाने और देश भर में उर्वरकों की विश्वसनीय और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में घरेलू उर्वरक उत्पादन में निरंतर और स्थिर वृद्धि देखी गई है। यह वृद्धि यूरिया, डीएपी, एनपीके और एसएसपी सहित सभी श्रेणियों में दर्ज की गई है।

उत्पादन के आंकड़े इस प्रकार हैं:

2021: 433.29 लाख टन

2022: 467.87 लाख टन

2023: 507.93 लाख टन

2024: 509.57 लाख टन

2025: 524.62 लाख टन (सर्वकालिक उच्च स्तर)

मंत्रालय ने कहा कि उत्पादन में यह निरंतर वृद्धि भारत के उर्वरक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती और सरकारी हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता को दर्शाती है।

**सरकारी नीतियों का कैसे मिला फायदा-** सरकार ने इस सफलता का श्रेय अपनी सक्रिय नीतिगत पहलों को दिया है। वैश्विक अनिश्चितताओं और आपूर्ति बाधाओं से बचने के लिए सरकार ने रणनीतिक विविधीकरण की नीति अपनाई है और प्रमुख कच्चे माल के लिए दीर्घकालिक आपूर्ति समझौतों को प्राथमिकता दी है।

## सांबा, राजौरी और पुंछ में एलओसी पर दिखे 5 ड्रोन

### दावा- पाकिस्तान घुसपैठ की कोशिश में; सेना का काउंटर अटैक, सर्च ऑपरेशन शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के सांबा, राजौरी और पुंछ में पाकिस्तान से लगी सीमा और लाइन ऑफ कंट्रोल के पास रविवार शाम करीब 5 ड्रोन दिखाई दिए। न्यूज एजेंसी ढळक की रिपोर्ट के मुताबिक राजौरी में नौशेरा सेक्टर में तैनात जवानों ने शाम करीब 6.35 बजे गनिया-कलसियां गांव के ऊपर ड्रोन देखा। इसके बाद मीडियम और लाइट मशीन गन से फायरिंग की।

राजौरी के तेरियाथ के खब्बर गांव में शाम 6.35 बजे एक और ड्रोन देखा गया। यह ड्रोन कलाकोट के धर्मसाल गांव की तरफ से आया और आगे भरख की ओर बढ़ गया। वहीं, सांबा के रामगढ़ सेक्टर में चक बबरल गांव के ऊपर शाम करीब 7.15 बजे ड्रोन जैसी चीज कुछ मिनट तक मंडराती दिखी। पुंछ में भी मनकोट सेक्टर में शाम 6.25 बजे तैन से टोपा की ओर ड्रोन जैसी एक और चीज जाती हुई देखी गई।

फॉरवर्ड इलाकों में संदिग्ध ड्रोन की हलचल दिखने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाकों में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इससे पहले 9 जनवरी को सांबा में व्ह के पास घगवाल के पालूरा गांव में हथियार की खेप मिली थी, जिसे पाकिस्तान से आए ड्रोन ने गिराया था। इसमें 2 पिस्तौल, तीन मैगजीन, 16 राउंड और एक ग्रेनेड शामिल था।

### सुरक्षा बलों को शक- पाकिस्तान ड्रोन के जरिए हथियार भेज रहा

देश में गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि इन ड्रोन्स का इस्तेमाल सीमा पर सेना की पोजीशन जानने या फिर आतंकियों के लिए हथियार और नशीले पदार्थ गिराने के लिए किया जा रहा है। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के 8 महीने बाद ड्रोन पर अटैक किया। ऑपरेशन सिंदूर भारत का सैन्य अभियान था जो 7 मई 2025 को चलाया गया, जिसमें पाकिस्तानी और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक/एयर स्ट्राइक्स की गईं। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया था।

### राजस्थान के प्रतापगढ़ में पारा माइनस 2° पहुंचा

# दिल्ली के पालम में सर्दी का 13 सालों का रिकॉर्ड टूटा, तापमान 3°; मप्र में घना कोहरा





ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



पहाड़ों में बर्फबारी के बीच उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड और बढ़ गई है। रविवार को राजस्थान के कई इलाकों में तापमान शून्य से नीचे चला गया, जबकि दिल्ली में इस मौसम में पहली बार पारा 3 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक शीतलहर जारी रहने की चेतावनी दी है।

राजस्थान के प्रतापगढ़ में न्यूनतम तापमान माइनस 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बाड़मेर में पारा माइनस 1 डिग्री रहा। पिलानी में 1.2, सीकर में 1.7, झुंझुनूं और बीकानेर के लूणकरनसर में 1.9 और चूरू में 2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। दिल्ली में रविवार को शीतलहर चली। इस दौरान आया नगर सबसे ठंडा इलाका रहा, यहां तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस रहा। पालम एयरपोर्ट पर 13 साल में सबसे कम 3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री रहा। मध्य प्रदेश का ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग शीतलहर से ठिठुर रहा है। रविवार को 20 से ज्यादा जिलों में घना कोहरा छाया रहा। वहीं, कश्मीर के श्रीनगर में तापमान माइनस 5.2 डिग्री और शोपियां में माइनस 8.6 डिग्री दर्ज किया गया। गुलमर्ग और पहलगाम में भी पारा माइनस में रहा।

### राजस्थान : 14 जिलों में आज भी शीतलहर-कोहरा, पहली बार दिन का तापमान 10 डिग्री से कम हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान में कंपा देने वाली सर्दी पड़ रही है। मौसम विभाग ने रविवार को 14 जिलों में कोहरे और शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शनिवार को श्रीगंगानगर में सबसे ज्यादा सर्दी रही। यहां दिन में अधिकतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इस सीजन में यह पहली बार है, जब किसी शहर का अधिकतम तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ।

उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में तापमान अब भी माइनस में है। पिथौरागढ़ के आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम में शनिवार को तापमान -22° दर्ज किया गया। उत्तरकाशी के यमुनोत्री धाम में -16°, मुनस्यारी में -9°, बद्रीनाथ में -18° और हेमकुंड साहिब में -10℃ तापमान दर्ज हुआ। पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में नदी, नाले और झरने जम चुके हैं। पानी की पाइपलाइन में भी बर्फ जमा है।

हरियाणा में सर्दी लगातार बढ़ते जा रही है। मौसम विभाग ने रविवार को ज्यादातर जिलों में सुबह-शाम घना कोहरे की चेतावनी जारी की है। इससे विजिबिलिटी न के बराबर हो सकती है। वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। कई इलाकों में कोल्ड-डे जैसी स्थिति बनने का भी अनुमान है।

बिहार में पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं के चलते ठिठुरन कम नहीं हो रही है। शनिवार को 12 जिलों का न्यूनतम तापमान 5° से नीचे पहुंच गया। नालंदा 3.1° के साथ सबसे ठंडा जिला रहा। पटना में 4.1°, नवादा और बक्सर में 4.2°, अरवल में 4.4°, रोहतास और मुंगेर में 4.6°, भोजपुर और जहानाबाद में 4.7°, जबकि लखीसराय में 4.8° तापमान रहा।

### जयपुर में हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग:

# तकनीकी खराबी आने पर पायलट ने सुरक्षित उतारा, भोपाल के लिए भरी थी उड़ान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर





जयपुर में एक हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। हेलिकॉप्टर जयपुर से भोपाल (मध्य प्रदेश) जा रहा था। प्राइवेट कंपनी के हेलिकॉप्टर में सवार पायलट और को-पायलट पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई। घटना रविवार सुबह करीब 11 बजे की जयपुर ग्रामीण के रायसर के पास स्थित वामनवाटी गांव की है।

एवन हेलिकॉप्टर कंपनी के डायरेक्टर सोहन सिंह नाथावत ने बताया- हेलिकॉप्टर देहरादून (उत्तराखंड) से शनिवार शाम 4:30 बजे जयपुर पहुंचा था। इसके बाद हेलिकॉप्टर में फ्यूल रिफ्यूलिंग की प्रक्रिया पूरी की गई। रविवार को मौसम साफ होने के बाद हेलिकॉप्टर ने सुबह 11:02 बजे जयपुर में चौमूं के मलिकपुर स्थित हेलीपैड से भोपाल के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई।

रायसर के नजदीक वामनवाटी गांव में पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई। फिलहाल हमारी टीम हेलिकॉप्टर की तकनीकी खराबी की जांच में जुटी हुई है। इसके बाद एक बार फिर हेलिकॉप्टर को मलिकपुर लाया जाएगा। यहां से उसे दुरुस्त कर भोपाल भेजा जाएगा। यह हेलिकॉप्टर ढिल्लों एविएशन का बेल 206-L4 कैटेगरी का है।

### पुलिस ने बनाया सुरक्षा घेरा

हेलिकॉप्टर के गांव में उतरते ही लोग मौके पर इकट्‌ठा हो गए। ग्रामीणों ने रायसर थाना पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित किया। पुलिस ने एहतियातन हेलिकॉप्टर के आसपास सुरक्षा घेरा बनाकर लोगों को दूर किया, ताकि किसी तरह की अनहोनी न हो। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, संबंधित एजेंसियों और तकनीकी टीम को सूचना दे दी गई है। स्थिति सामान्य होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बड़ा हादसा टला

गांव में अचानक हुई इस घटना के बाद दहशत का माहौल बन गया। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि या नुकसान की सूचना नहीं है। सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग से बड़ा हादसा टल गया, जिससे ग्रामीणों और प्रशासन ने राहत की सांस ली है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैरे पक्षकार ने कृषि भूमि स्वामी से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि कमांक क्रमांक 736 रकबा 3.8400 हेक्टेर होकर ग्राम पीपलू तहसील बड़नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसमे से मेरे पक्षकार ने 1.92 हेक्टर जमीन क्रय कर ली है।। इसमें मय खुली जमीन तल एवं हवाई हक सहित में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में कय करने का अनुबंध किया होकर बयाना राशी दे दि गई है। मेरें पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष धनराशि अदा कर अपने हित में विक्रय पत्र का निष्पादन कराया जावेगा। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग कि कोई आपत्ति हो या उक्त प्रकार का कोई ऋण भार टैक्स मेंटेनेंन्स बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस कि अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखीत प्रमाण के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चयात मेरे पक्षकार द्वारा विधीवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व किसी कि कोई आपत्ति मान्य नही होगी।
इति दिनांक 11/01/26 उज्जैन

**प्रतीक उपाध्याय एडव्होकेट उज्जैन**
**कार्यलय 21, दशहरा मैदान उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल न. 91111-44811**

### अमेरिका पर वेनेजुएला में सोनिक हथियार इस्तेमाल करने का आरोप

# चश्मदीद बोला- हमले के दौरान सैनिकों को खून की उल्टियां हुईं, नाक से खून बहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वेनेजुएला

अमेरिका पर वेनेजुएला में सोनिक हथियार इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक बेहद शक्तिशाली और अब तक न देखे गए हथियार का इस्तेमाल किया, जिससे वेनेजुएला के सैनिक पूरी तरह बेबस हो गए थे।

एक वेनेजुलाई सिक्योरिटी गार्ड ने कहा कि ऑपरेशन शुरू होते ही उनके सभी रडार सिस्टम अचानक बंद हो गए। इसके कुछ ही सेकेंड बाद उन्होंने आसमान में बड़ी संख्या में ड्रोन उड़ते देखे। गार्ड के मुताबिक, उन्हें समझ ही नहीं आया कि इस हालात में क्या किया जाए।

गार्ड ने आगे दावा किया कि ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक सीक्रेट इक्विपमेंट का इस्तेमाल किया। यह किसी बहुत तेज आवाज या तरंग (साउंड वेब) जैसा था। इसके तुरंत बाद उसे ऐसा महसूस हुआ जैसे उसका सिर अंदर से फट रहा हो।

कई सैनिकों की नाक से खून बहने लगा और कुछ को खून की उल्टियां हुईं। सभी सैनिक जमीन पर गिर पड़े और कोई भी खड़ा होने की हालत में नहीं था। गार्ड ने कहा कि वह नहीं जानता कि यह कोई सोनिक हथियार था या कुछ और।

इस कार्रवाई के एक चश्मदीद का बयान शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामने आया, जिसे व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने शेयर किया।

अमेरिका ने ऑपरेशन में सिर्फ 8 हेलिकॉप्टर इस्तेमाल किए

न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, इस ऑपरेशन में अमेरिका ने सिर्फ आठ हेलिकॉप्टर इस्तेमाल किए गए थे, जिनसे करीब बीस सैनिक उतरे। संख्या कम होने के बावजूद अमेरिकी सैनिकों ने बहुत जल्दी पूरे इलाके पर कंट्रोल हासिल कर लिया। गार्ड ने कहा कि अमेरिकी सैनिक तकनीक के मामले में बेहद आगे थे और वे ऐसे लग रहे थे जैसे पहले कभी उनका सामना नहीं हुआ हो।

गार्ड ने इस मुठभेड़ को लड़ाई नहीं बल्कि एकतरफा हमला बताया। वेनेजुएला की तरफ सैकड़ों जवान मौजूद थे, लेकिन फिर भी वे टिक नहीं पाए। अमेरिकी सैनिक बहुत तेज और सटीक तरीके से फायरिंग कर रहे थे, जिससे मुकाबला नामुमकिन हो गया।

### अमेरिकी हमले में वेनेजुएला के 100 सैनिकों की मौत हुई थी

व्हाइट हाउस की ओर से इस बात पर कोई रिस्पांस नहीं दिया गया कि प्रेस सेक्रेटरी की तरफ से शेयर इस पोस्ट को सरकारी पुष्टि माना जाए या नहीं। वहीं, वेनेजुएला के गृह मंत्रालय ने कहा है कि 3 जनवरी को हुई इस कार्रवाई में करीब 100 सुरक्षा कर्मियों की मौत हुई थी, हालांकि यह साफ नहीं है कि इनमें से कितनी मौतें इस सीक्रेट हथियार से हुई थीं। अमेरिका के एक पूर्व सीक्रेट अधिकारी ने कहा कि इस तरह के लक्षण डायरेक्टेड एनर्जी हथियारों से मेल खाते हैं। उनके मुताबिक, ऐसे हथियार माइक्रोवेव या लेजर जैसी एनर्जी का इस्तेमाल करते हैं और इससे दर्द, खून बहना और शरीर को शॉर्ट टर्म पैरालिसिस किया जा सकता है। गार्ड ने यह भी कहा कि इस कार्रवाई के बाद पूरे लैटिन अमेरिका में डर का माहौल है, खासकर तब जब हाल ही में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि अब मेक्सिको भी लिस्ट में है। गार्ड ने इसे अमेरिका से लड़ने की सोच रखने वालों के लिए चेतावनी बताया और कहा कि इस घटना का असर सिर्फ वेनेजुएला तक सीमित नहीं रहेगा।



#### वेनेजुएला पर हमले की 3 बड़ी वजह...

1. अमेरिका का कहना है कि वेनेजुएला की सरकार अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन रही थी और वहां से अमेरिका के खिलाफ साजिशें हो रही थीं। 2. ट्रम्प का आरोप है कि वेनेजुएला उनके देश में कोकीन और फेंटेनाइल जैसी खतरनाक ड्रग्स की तस्करी का बड़ा रास्ता बन चुका है। इसे खत्म करने के लिए मादुरो को सत्ता से हटाना जरूरी है। 3. ट्रम्प का आरोप है कि मादुरो की नीतियों से लाखों वेनेजुएलाई लोगों को देश छोड़ अमेरिका भागना पड़ा। उन्होंने जेल और मानसिक अस्पताल से अपराधियों को अमेरिका भेजा।

## जैश के पास हजारों फिदायीन, आतंकी मसूद अजहर का दावा



### वायरल ऑडियो क्लिप में बोला- जैश की ताकत सामने आई तो शोर मच जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर के नाम से एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस ऑडियो में मसूद अजहर कथित तौर पर दावा करता है कि जैश के पास हमले करने के लिए हजारों आत्मघाती हमलावर तैयार हैं। हालांकि, इस ऑडियो की तारीख और इसकी सच्चाई की पुष्टि नहीं हो पाई है। ऑडियो में मसूद अजहर यह कहते हुए सुनाई देता है कि उसके संगठन में सिर्फ एक-दो, सौ या हजार लोग नहीं हैं। वो दावा करता है कि अगर असली संख्या बता दी गई, तो शोर मच जाएगा। वो यह भी कहता है कि उसके लड़ाके किसी पैसे, वीजा या निजी फायदे के लिए नहीं लड़ते, बल्कि सिर्फ शहादत चाहते हैं।

### संसद हमले का मास्टरमाइंड है आतंकी अजहर

पाकिस्तानी आतंकी मसूद अजहर 2001 में भारत की संसद पर हुए हमले का मास्टरमाइंड है। इसके अलावा भी उसने भारत में कई आतंकी हमलों को अंजाम दिया है। मसूद 2016 में हुए पठानकोट हमले का भी मास्टरमाइंड है। इस मामले में दिल्ली पुलिस की चार्जशीट के मुताबिक, मसूद ने भारत पर हमलों के लिए जैश-ए-मोहम्मद के कैडर का इस्तेमाल किया था। उसने 2005 में अयोध्या में राम जन्मभूमि और 2019 में पुलवामा में उपद्रवक्के जवानों पर भी हमला करवाया था। इसके अलावा मसूद 2016 में उरी हमले और अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ में भारतीय कॉन्सुलेट पर अटैक का भी जिम्मेदार है।

### 1994 में पहली बार भारत आया था मसूद अजहर

मसूद अजहर पहली बार 29 जनवरी, 1994 को बांग्लादेश से विमान में सवार होकर ढाका से दिल्ली पहुंचा था। 1994 में अजहर फर्जी पहचान बनाकर श्रीनगर में दाखिल हुआ था।

# रिपोर्ट- ग्रीनलैंड पर हमले का प्लान बना रहे ट्रम्प

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए प्लान बनाने का निर्देश दिया है। डेली मेल के मुताबिक ट्रम्प ने जॉइंट स्पेशल ऑपरेशंस कमांड को यह जिम्मेदारी सौंपी है। हालांकि सैन्य अधिकारी इस विचार से सहमत नहीं दिख रहे हैं। वे इसे कानूनी रूप से गलत मानते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प की यह रुचि घरेलू राजनीति से भी जुड़ी हो सकती है। इस साल के अंत में मिड-टर्म चुनाव होने वाले हैं और रिपब्लिकन ससंद पर नियंत्रण खोने से डर रहे हैं। इसलिए ट्रम्प कोई बड़ा कदम उठाकर लोगों का अर्थव्यवस्था की समस्याओं से ध्यान हटाना चाहते हैं। डेली मेल को एक राजनयिक सूत्र ने बताया कि, 'जनरलों को लगता है कि ट्रम्प की ग्रीनलैंड योजना बेतुकी और गैरकानूनी है। उनका कहना है कि राष्ट्रपति की जिद एक पांच साल के बच्चे से निपटने जैसा है।' अमेरिका ने अगर ग्रीनलैंड पर हमला किया तो इससे ठअळड के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। साथ ही यूरोपीय नेताओं के साथ सीधा टकराव हो सकता है, जिससे गठबंधन टूटने की कगार पर पहुंच सकता है। कुछ यूरोपीय अधिकारियों का मानना है कि ट्रम्प के आसपास के कट्टरपंथी गुट का असली मकसद नाटो को अंदर से खत्म करना है,



# ईरान हिंसा-अब तक 538 लोगों की मौत, 10 हजार अरेस्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

ईरान में 15 दिन से जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन में अब तक 538 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10,600 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया है। न्यूज एजेंसी अढ ने प्रदर्शनकारियों के हवाले से बताया कि मरने वालों में 490 प्रदर्शनकारी और 48 सुरक्षा कर्मी हैं।

इन प्रदर्शनों के बीच ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उस पर हमला किया, तो वह अमेरिकी सैनिकों और इजराइल को निशाना बनाएगा।

ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर कालीबाफ ने कहा कि अगर अमेरिका ने हमला किया, तो इलाके में मौजूद सभी अमेरिकी मिलिट्री बेस, शिप्स और इजरायल हमारे टारगेट पर होंगे। यह बयान संसद के लाइव सत्र के दौरान दिया गया, जहां सांसद 'डेथ टू अमेरिका' के नारे लगा रहे थे। कालीबाफ ने ईरान की सुरक्षा एजेंसियों की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने हालात में मजबूती से काम किया है। प्रदर्शनकारियों को



चेतावनी दी कि गिरफ्तार किए गए लोगों से सबसे सख्त तरीके से निपटा जाएगा और उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी। ईरान में जारी प्रदर्शन के बीच अमेरिकी अधिकारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान पर संभावित सैन्य हमलों के विकल्पों की ब्रीफिंग दी है।


न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ईरान सरकार प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई करती है तो ट्रम्प सैन्य कदम उठाने पर गंभीरता से विचार कर सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति ने अभी अंतिम फैसला नहीं लिया है। ट्रम्प ने शनिवार को सोशल मीडिया पर लिखा, ह्यईरान आजादी की ओर देख रहा है, जो पहले कभी नहीं हुआ। अमेरिका मदद के लिए तैयार है ह्र वहीं, ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर कालिबाफ ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर अमेरिका या इजराइल ने ईरान पर हमला किया, तो दोनों को सख्ती से जवाब देंगे।


ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने रविवार को कहा कि अमेरिका और इजराइल ईरान में दंगे भड़काकर अराजकता और अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं। उन्होंने ईरानियों से दंगाइयों और आतंकवादियों से दूर रहने को कहा। पजशकियान का कहना है कि अधिकारी प्रदर्शनकारियों की बात सुनेंगे। लेकिन दंगाइयों की नहीं, जो पूरे समाज को तबाह करने की कोशिश कर रहे हैं।

### ईरान पर हमले की आशंका को लेकर इजराइल हाई अलर्ट पर

ईरान पर अमेरिकी हमले की आशंका को लेकर इजराइल हाई अलर्ट पर है। रॉयटर्स ने इजराइली सूत्रों के हवाले से बताया कि हालात को देखते हुए इजराइली सुरक्षा एजेंसियां सतर्कता बढ़ाए हुए हैं। इजराइल और ईरान जून में 12 दिन की जंग लड़ चुके हैं, जिसमें अमेरिका ने इजराइल के साथ मिलकर हवाई हमले किए थे। शनिवार को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच फोन पर बातचीत हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इस बातचीत में ईरान में अमेरिकी दखल की संभावना पर चर्चा हुई। अमेरिकी अधिकारी ने कॉल की पुष्टि की, लेकिन बातचीत के मुद्दों का खुलासा नहीं किया। ईरान ने अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई पर तीखी चेतावनी जारी की है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा है कि अगर प्रदर्शनकारियों को लेकर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो अमेरिकी सेना और इजराइल दोनों ईरान के निशाने पर होंगे। यह पहला मौका है जब ईरानी नेतृत्व की ओर से संभावित जवाबी कार्रवाई में इजराइल को भी सीधे तौर पर निशाना बनाए जाने की बात कही गई है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. सब्जी, भाजी-4
22. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4

### ऊपर से नीचे

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 5 | | 5 | | 5 | | 5 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 20 | | 2 | | 2 | | 10 | = | 10 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 41 | | 2 | | 16 | = | 39 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | र | प | ट | र | थि | क | र | प | इ |
| न | ग | क | म | इं | डे | ने | ह | ति | म | श्त |
| अ | दा | आ | ई | र | र | अं | गा | ह | प | फ |
| हु | ग | ल | मा | ज | वा | स | रा | ह | इ | र |
| ब | कम | अ | बु | म | ति | क | र | क | ते | मा |
| द | अ | कि | र | क | दा | क | नि | दें | श | न |
| स | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ग |
| आ | दे | श | र | न | प | य | रा | घु | ज | ला |
| अ | दि | ल | वा | ले | दा | र | जा | म | वी | दे |
| र | ज | ति | मा | हि | द | ह | ज | द | ल | र |
| थां | र | ल | प | ठ | इ | आ | ज | त | र | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 3 | 29 | 6 | 37 | | 31 | 1 |
| | 2 | | | 5 | 6 | |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| | 6 | | | | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

डाकू- तुमने मुझे देखा
क्लर्क- हां
डाकू ने क्लर्क को गोली मारकर एक आदमी से पूछा- तुमने कुछ देखा...
आदमी- नहीं, पर मेरी पत्नी ने देखा है, साथ में कह रही है पुलिस को भी बताएगी...

0000000000000

एक व्यक्ति दारु पी कर कार चला रहा था कार एक खम्भे से टकरा गई
पुलिस : बाहर निकल
व्यक्ति : माफ कर दो साहब जी
पुलिस : दारू पी के गाड़ी चलाता है,
व्यक्ति : अरे नहीं साहब पहले से खूब पी रखी है और कितना पिलाओगे...

00000000

पप्पू समोसे को खोलकर अंदर का मसाला ही खा रहा था।
संजू- अरे ! तू पूरा समोसा क्यों नहीं खा रहा ?
पप्पू- अरे मैं बीमार हूं न... इसलिए डॉक्टर ने बहार की चीज खाने से मना किया है।

00000000

सोनू बहुत दुखी था... किसी ने पूछा क्यों टेंशन में हो...
सोनू- यार एक दोस्त को प्लास्टिक सर्जरी के लिए 2 लाख रुपए उधार दिए थे। अब उसे पहचान नहीं पा रहा हूं...।

00000000

पत्नी- शादी से पहले तुम मुझे होटल, सिनेमा और न जाने कहां-कहां घुमाते थे... शादी के बाद नहीं ले जाते...
पति- चुनाव के बाद प्रचार देखा है...

00000

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# न्यूजीलैंड में दूसरी बार नगर कीर्तन का विरोध:कीवी ग्रुप ने हाका डांस किया; बोले- ये हमारी गलियां, तलवारें लहराने की परमिशन किसने दी




**न्यूजीलैंड में एक बार फिर सिख नगर कीर्तन का विरोध किया गया है। 20 दिन के अंदर ये दूसरी बार है। हालांकि इस बार नगर कीर्तन को रोका नहीं गया। इसके खिलाफ डेस्टिनी चर्च से जुड़े ब्रायन टमाकी के समूह ने सड़कों पर उतरकर हाका डांस किया।**

**टमाकी और उनके समर्थकों ने नारे लगाए। उन्होंने कहा कि ये किसकी गलियां हैं, हमारी गलियां हैं। यहां पर सरेआम तलवारें और झंडे लहराने की इजाजत किसने दी। हम अपने कल्चर को इस तरह से बर्बाद नहीं होने देंगे। हम किसी को भी अपनी सड़कों और गलियों का इस्तेमाल हमारे देश के कल्चर को बिगाड़ने के लिए नहीं देंगे। उधर, सिख युवकों ने टमाकी के हाका डांस के बावजूद शांतिपूर्ण ढंग से नगर कीर्तन निकाला। करीब 20 दिन पहले भी साउथ ऑकलैंड के उपनगर मनुरेवा में भी ब्रायन टमाकी समर्थकों ने हाका किया था। इस दौरान नगर कीर्तन को रोक लिया गया था। पुलिस ने बीच-बचाव कर हाका खत्म करवाया था।**



## घोषणापत्र जारी किया, 31 को इससे बड़े प्रदर्शन की चेतावनी



टू पैट्रियोट्स नामक ग्रुप ने न्यूजीलैंड सरकार के सामने अपना एजेंडा रखा। इसका बाकायदा घोषणापत्र जारी किया गया। इसमें उन्होंने मांग उठाई कि वे झंडे, परिवार, विश्वास और भविष्य की रक्षा करेंगे। न्यूजीलैंड को ईसाई नींव पर फिर से स्थापित करेंगे। सरकार पर आरोप लगाया कि उसने राष्ट्रीय पहचान की रक्षा नहीं की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर सरकार ने बाहरी लोगों को नहीं निकाला, दोबारा से इसाइयों को नहीं बसाया तो बड़ा आंदोलन होगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 31 जनवरी को ऑकलैंड हार्बर ब्रिज पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

### 20 दिन पहले भी किया था नगर कीर्तन का विरोध

करीब 20 दिन पहले भी न्यूजीलैंड में लोकल लोगों ने सिख समुदाय की तरफ से निकाले जा रहे नगर कीर्तन का विरोध किया था। उन्होंने नगर कीर्तन का रास्ता रोक दिया था। प्रदर्शनकारियों ने 'दिस इज न्यूजीलैंड, नॉट इंडिया' यानी यह न्यूजीलैंड है, भारत नहीं और 'न्यूजीलैंड को न्यूजीलैंड ही रहने दो, यह हमारी जमीन है, यही हमारा स्टैंड है' के बैनर लहराए थे।

### इस बार टौरंगा शहर में नगर कीर्तन के बराबर हाका प्रदर्शन

ब्रायन टमाकी समूह ने रविवार सुबह टौरंगा शहर में सिख समुदाय के नगर कीर्तन के खिलाफ लोगों को एकत्रित किया। जब सड़कों से नगर कीर्तन निकल रहा था तो एक पार्क में एकत्रित होकर टमाकी ने हाका प्रदर्शन किया। इस दौरान टू पैट्रियोट्स नामक समूह ने विरोध दर्ज कराया। समूह ने हिंसा या तोड़फोड़ की जगह पारंपरिक हाका नृत्य के जरिए अपनी असहमति जताई।

### सड़कों पर गूंजे हमारी सड़कें, हमारी गलियां नारे

प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाकर कहा- हूज स्ट्रीट्स, आवर स्ट्रीट्स, हूज स्ट्रीट्स, कीवी स्ट्रीट्स। प्रदर्शन करने वालों ने कहा कि वे न्यूजीलैंड की पहचान और संस्कृति की रक्षा के लिए खड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हथियारों के साथ नगर कीर्तन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। न्यूजीलैंड की सड़कों पर तलवारें, खंजर जैसे हथियार दिखाए गए। उनका कहना है कि यह सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा है, इसके पीछे एक एजेंडा है।

### सीएम मान ने की थी केंद्र सरकार से दखल देने की अपील

इस मामले में पंजाब सीएम भगवंत मान का बयान भी आया था। उन्होंने कहा था कि हर व्यक्ति को अपने धर्म का प्रचार-प्रसार करने का हक है। न्यूजीलैंड डेवलप्ड कंट्री है, इस तरह का वहां पहले कभी नहीं सुना था। केंद्र सरकार को न्यूजीलैंड सरकार से बात करनी चाहिए। एंटी इमिग्रेशन पूरी दुनिया में चला हुआ है। हमारी कौम सरबत का भला मांगने वाली कौम है।





### क्या है हाका प्रदर्शन, जो न्यूजीलैंड के लोगों ने किया...

माओरी संस्कृति से जुड़ा एक पारंपरिक प्रदर्शन : हाका न्यूजीलैंड की माओरी संस्कृति से जुड़ा एक पारंपरिक प्रदर्शन है, जिसे अलग-अलग अवसरों पर किया जाता है। साउथ ऑकलैंड एक बहू सांस्कृतिक शहर है। यहां माओरी समुदाय के लोग हाका को सांस्कृतिक पहचान और परंपरा के रूप में प्रस्तुत करते हैं। यहां हाका का उपयोग स्वागत समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सरकारी आयोजनों, खेल प्रतियोगिताओं और कभी-कभी विरोध प्रदर्शन के दौरान भी किया जाता है।

सामूहिक भावना व्यक्त करने के लिए किया जाता है : ऑकलैंड में किया जाने वाला हाका आमतौर पर सम्मान दिखाने, अपनी बात को मजबूती से रखने या सामूहिक भावना व्यक्त करने के लिए होता है। इसमें जोरदार सामूहिक स्वर, पैरों की थाप, हाथों की स्पीड और भावपूर्ण चेहरे के हाव-भाव शामिल होते हैं। हालांकि माओरी समुदाय यह भी मानता है कि हाका को सही संदर्भ, मयार्दा और सम्मान के साथ किया जाना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर किसी धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन के दौरान किया गया हाका कभी-कभी विवाद का कारण भी बन सकता है, इसलिए पुलिस और प्रशासन स्थिति को संतुलित रखने की भूमिका निभाते हैं।

युवा सांसद माइपी क्लार्क ने संसद में किया था हाका : न्यूजीलैंड की युवा राजनेता हाना-राविती माइपी-क्लार्क संसद में हाका करने के कारण चर्चा में आई थी। क्लार्क 2023 के चुनाव के बाद से ते पाटी माओरी पार्टी की संसद सदस्य हैं। 1853 के बाद से न्यूजीलैंड के इतिहास की सबसे कम उम्र की सांसद बनीं, जिन्होंने माओरी संस्कृति, भाषा और भूमि के संरक्षण पर जोर दिया है। अपनी पहली स्पीच में माओरी भाषा का इस्तेमाल किया, जो इंटरनेट पर वायरल हो गई थी।

■ वर्ष-12 अंक-71 मूल्य- 2 रु. | मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल | मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

**सुभाषितानि**

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

**भावार्थ** : मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर , दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुःखियों- रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुःखी हो ही जाता है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 12 जनवरी, 2026

कश्चित् कस्यचिन्मित्रं, न कश्चित् कस्यचित् रिपुः।
अर्थतस्तु निबध्यन्ते, मित्राणि रिपवस्तथा॥

**भावार्थ** : न कोई किसी का मित्र है और न ही शत्रु, कार्यवश ही लोग मित्र और शत्रु बनते हैं।

## परिस्थितिजन्यसाक्ष्यस्य च आधारेण पुलिसैः रामलालस्य दावः वैधः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

प्रतिवेदनस्य, परिस्थितिजन्यसाक्ष्यस्य च आधारेण पुलिसैः रामलालस्य दावः वैधः इति स्वीकृतः। शनिवासरे सायंकाले महिषः वत्सः च आधिकारिकतया रामलालस्य हस्ते समर्पितः। अस्य निर्णयस्य घोषणायाः अनन्तरं रामलालः प्रायः मासं यावत् स्वपशूनां अन्वेषणं कुर्वन् निःश्वासं गृहीतवान्। परन्तु अन्यः दावेदारः इन्द्रजित् अनेन निर्णयेन असन्तुष्टः आसीत्। सः पुलिसनिर्णये आक्षेपं कृतवान्, परन्तु यदा तस्य पक्षे ठोससाक्ष्यं दातुं पृष्टः तदा सः तत् कर्तुं असमर्थः अभवत्। तदनन्तरं पुलिसैः अन्ततः महिषं वत्सं च रामलालस्य हस्ते समर्पितं। एषा समग्रघटना स्पष्टं कृतवती यत ग्राम्यक्षेत्रेषु अर्धनगरीयक्षेत्रेषु पशवः न केवलं आजीविकायाः साधनं अपितु परिवारस्य महत्त्वपूर्णः भागः अपि भवन्ति। फलतः तेषां स्वामित्वविषये विवादाः प्रायः भावनात्मकं आयामं ग्रहीतुं शक्नुवन्ति।

## सम्पादकीयम्

### महात्मागान्धी नामस्य निष्कासनस्य

महात्मागान्धीनामस्य निष्कासनस्य विषये कोलाहलः : संसदतः वीथिपर्यन्तं 'पुनर्ब्राण्डिंग राजनीतिः' तापयति संसदस्य शिशिरसत्रे मनरेगा इत्यस्य विकल्परूपेण प्रवर्तितस्य वीबी-ग्राम जी विधेयकस्य विषये प्रमुखः कोलाहलः अभवत्। विपक्षः न केवलं विधेयकस्य प्रावधानानाम् विरोधं कृतवान् अपितु महात्मागान्धीनामस्य निष्कासनं राष्ट्रपितुः अपमानम् इति अपि अवदत्। पूनमपाण्डेयः - संसदस्य शिशिरसत्रस्य समाप्तिः भवति। अनेकविधेयकस्य चर्चा अभवत्, परन्तु सर्वाधिकं कोलाहलः रोजगरस्य विक्षितभारतप्रतिश्रुतिविधेयकस्य विषये आसीत् तथा च अजिविकामिशनस्य (ग्रामीण) विधेयकस्य विषये, यत् वीबी-ग्राम जी इति अपि ज्ञायते। विपक्षः विधेयकस्य प्रावधानानाम् विरोधं कृतवान्, महात्मागान्धिनः नाम हत्वा राष्ट्रपितुः अपमानः इति तर्कयन्। योजनानां पुनर्ब्राण्डिंग एनडीए-सर्वकारेण पुरातननामानां स्थाने नूतनानां नामानां योजनाः प्रथमवारं न प्रवर्तन्ते। योजनानां नामैः सह नगरानां, मागार्णां, स्थानानां च नाम परिवर्तनं कृतम् अस्ति। काङ्ग्रेसपक्षस्य आरोपः अस्ति यत् एनडीए-सर्वकारेण १९७५ तः २०१३ पर्यन्तं प्रारब्धानां ३२ योजनानां नाम परिवर्तनं कृतम् अस्ति। पुराणानां योजनानां पुनः पैकेजिंग्, पुनर्ब्राण्डिंग् च इति आरोपं कुर्वन् अस्ति यथा, इन्दिरा आवासयोजना (इन्दिरा आवास योजना) इत्यस्य स्थाने अधुना प्रधानमन्त्री आवासयोजना (प्रधानमन्त्री आवासयोजना) स्थापिता अस्ति। परन्तु यदा वयं विभिन्नेषु निर्वाचनप्रवृत्तेषु राज्येषु अस्याः योजनायाः लाभार्थिभिः।

## सूरत इत्यादिषु नगरेषु अपि बुलेट्-रेलस्थानकस्य निमाण

# तीव्रगत्या प्रगतिशीलं वर्तते यत् आधुनिकवास्तुकलानां



ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

परियोजनायाः प्रगतेः विषये निमार्णं तीव्रगत्या प्रचलति। कुलमार्गस्य ८५ प्रतिशताधिकं भागं उन्नतपट्टिकासु निर्मितं भवति, येन भू-अधिग्रहणं पर्यावरण-प्रभावः च न्यूनीकरोति। अद्यपर्यन्तं ३२६ किलोमीर्ट-अधिकं व्याडक्ट्-मार्गाः सम्पन्नाः, २५ नदीसेतुषु १७ च सम्पन्नाः। सूरत इत्यादिषु नगरेषु अपि बुलेट्-रेलस्थानकस्य निमार्णं तीव्रगत्या प्रगतिशीलं वर्तते, यत् आधुनिकवास्तुकलानां, अत्याधुनिकसुविधानां च प्रतीकरूपेण विकसितं भवति

एषः उच्चगतियुक्तः रेलगलियारा पश्चिमभारतस्य प्रमुखनगरान्, यथा मुम्बई, ठाणे, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, अहमदाबाद च सम्बद्धं करिष्यति। एतेषां नगरानां सवेर्षां महत् औद्योगिकं, वाणिज्यिकं, सांस्कृतिकं च महत्त्वम् अस्ति। उन्नतसंपर्कः एतेषां प्रदेशानां मध्ये व्यापारसम्बन्धं अधिकं सुदृढं करिष्यति। उद्योगाय द्रुतगतिना विश्वसनीयेन परिवहनेन लाभः भविष्यति, येन नूतननिवेशस्य, रोजगारस्य च अवसराः उत्पद्यन्ते इति संभावना वर्तते।

एषा परियोजना पर्यटनक्षेत्रे प्रमुखं परिवर्तनं चिह्नयति। भारते रेलपर्यटनं पूर्वमेव लोकप्रियं जातम्, परन्तु बुलेटरेलयानस्य आगमनेन तस्य नूतनं आयामं योजयिष्यति। मुम्बई-अहमदाबाद-नगरयोः मध्ये द्रुतगतिः, आरामदायकः, समये च यात्रा पर्यटकानाम् आकर्षणं करिष्यति। सांस्कृतिकविरासतां, विपण्यैः, ऐतिहासिकस्थलैः च प्रसिद्धाः सूरत-वडोदरा-इत्यादीनि नगराणि अधुना भारतात् विदेशेभ्यः च पर्यटकानां कृते अधिकं सुलभाः भविष्यन्ति पूर्वमेव प्रमुखं सांस्कृतिकं ऐतिहासिकं च केन्द्रं अहमदाबादं एतेन नूतनेन संपर्केन पर्यटननक्शे स्वस्य स्थानं अधिकं सुदृढं करिष्यति।

एतेन व्यापारिक-अवकाश-पर्यटनयोः प्रमुखः प्रवर्धनः भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। अल्पकाले अधिकगन्तव्यस्थानेषु गमनस्य सुविधा पर्यटकानाम् आकर्षणं करिष्यति, विशेषतः ये सीमितसमये बहुनगरानां अनुभवं कर्तुम् इच्छन्ति अन्तर्राष्ट्रीयसम्मेलनेषु, व्यापारमेलासु, सांस्कृतिककार्यक्रमेषु च आधुनिकदक्षपरिवहनव्यवस्थायुक्तदेशत्वेन भारतस्य प्रतिबिम्बं सुदृढं भविष्यति। यात्रिकाणां अनुभवं वर्धयितुं बुलेट्-रेलयाने आधुनिकसुविधाः भविष्यन्ति। आरामदायकाः आसनानि, न्यूनकोलाहलः, स्थिरवेगः, उन्नतनिलम्बनप्रणाली, उच्चगुणवत्तायुक्तसेवा च पारम्परिकरेलयानात् भिन्नं करिष्यति।

## भोपाले 15 जनानां

# उपरि मत्तः चालकः चालयति, 6 जनाः अस्पताले स्थापिताः

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

राजधानी भोपाले मातामन्दिरतः रंगमहलचतुष्कं यावत् मार्गे एकः मत्तः चालकः प्रायः १५ जनानां उपरि धावितवान्। अनियंत्रितकारेन आहतः अनेके जनाः घातिताः। अन्ततः विटाराकारः वृक्षं प्रहारं कृत्वा स्थगितवान्, तदनन्तरं पुलिसैः अभियुक्तं निग्रहे गृहीतम्।

प्रत्यक्षदर्शिनां मते चालकः पूर्णतया मत्तः आसीत्, तस्य वाहनस्य उपरि नियन्त्रणं नासीत्। मातामन्दिरक्षेत्रे प्रकोपः आरब्धः। ततः चालकः नान्के पेट्रोल् पम्प, एपेक्स बैंक स्क्वे, टीटी नगर, रंगमहल स्क्वे च माध्यमेन अनेकपदयात्रिकान्, वाहनचालकान् च प्रहारं कृत्वा उच्चवेगेन वाहनं चालितवान्

मातामन्दिरक्षेत्रस्य जनानां उपरि यानं प्रहारं कर्तुं आरब्धवान्। प्रत्यक्षदर्शिनां मते एतावता वेगेन यानं गच्छति स्म यत् कस्यचित् स्वस्थतायाः अवसरः नासीत्। चालकः अस्मिन् प्रायः ३-४ किलोमीट मार्गे प्रमादेन चालयति स्म, मार्गे वा मार्गे वा स्थितस्य कस्यचित् उपरि धावति स्म। रंगमहलचतुष्कोणे कारः वृक्षे प्रहारं करोति रङ्गमहलचतुष्कं पारं गच्छन् कारः वृक्षेण सह टकरावं प्राप्य यानस्य भृशं क्षतिं कृतवान्। दुर्घटनायाः अनन्तरं तत्क्षणमेव कारं परितः जनसमूहः समागतः, तदनन्तरं पुलिसैः शीघ्रं कार्यं कृत्वा अभियुक्तं चालकं गृहीतम् आहतानाम् उपचारार्थं समीपस्थेषु चिकित्सालये प्रवेशः कृतः। मद्यपानेन वाहनचालनस्य, लापरवाहीपूर्वकं हत्यायाः च आरोपेण पुलिसैः अभियुक्तानां विरुद्धं हत्यायाः परिमाणं न भवति इति आरोपेण प्रकरणं रजिस्ट्रेशनं कृतम् अस्ति। दुर्घटनायां ६ घातितानां शिकायतां प्राप्तवन्तः।

## राशिफल

**मेष** : आज आपका आत्मविश्वास मजबूत रहेगा। कामकाज में फैसले तेजी से लेंगे और ज्यादातर सही साबित होंगे।

**वृषभ** : आज स्थिरता और आराम का दिन है। काम को धैर्य से निपटाएंगे और परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे।

**मिथुन** : आज दिन व्यस्त रह सकता है। बातचीत, मीटिंग और संपर्क बढ़ेंगे। नौकरी या बिजनेस में नए मौके मिल सकते हैं।

**कर्क** : आज भावनाएं थोड़ी हावी रह सकती हैं। काम में मन लगाने के लिए खुद को संतुलित रखना होगा।

**सिंह** : आज नेतृत्व क्षमता उभरकर सामने आएगी। ऑफिस में आपकी बात सुनी जाएगी और जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कन्या** : आज जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन आप उन्हें संभाल लेंगे। करियर में मेहनत का असर दिखने लगेगा।

**तुला** : आज काम को लेकर फोकस रहेगा। जो काम अधूरे थे, उन्हें पूरा करने का मौका मिलेगा।

**वृश्चिक** :आज नए विचार और योजनाएं मन में आएंगी। कामकाज में कुछ अलग करने की सोच रहे हैं तो समय अनुकूल है।

**धनु** : आज संतुलन बनाकर चलना जरूरी रहेगा। काम और निजी जीवन दोनों में तालमेल बनाना होगा।

**मकर** : आज अंदरूनी ताकत और आत्मविश्वास महसूस करेंगे। करियर से जुड़ा कोई बड़ा फैसला लेने का मन बनेगा।

**कुंभ** : आज भाग्य का साथ मिलेगा। रुके हुए काम आगे बढ़ सकते हैं। यात्रा या किसी नए अवसर के योग बन रहे हैं।

**मीन** : आज मन शांत और संवेदनशील रहेगा। रचनात्मक कामों में मन लगेगा। करियर में धीरे-धीरे सुधार के संकेत हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# जनवरी में नहीं हैं शादी के लिए कोई मुहूर्त, जानें 2026 में कब-कब बजेगी शहनाई

साल 2026 में विवाह के लिए कई शुभ योग बनने जा रहे हैं। साथ ही जातकों के लिए कई महत्वपूर्ण तिथियां भी विवाह के लिए बनी रहेगी, जिस कारण घरों में शहनाई और शुभ कार्यक्रम का शुभारंभ हो सकता है।

नए साल 2026 की शुरूआत बेहद शुभ संयोगों के साथ हो चुकी हैं। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, यह वर्ष विवाह सहित अन्य शुभ-मांगलिक कार्यों के लिए अत्यंत अनुकूल है और यही नहीं 2026 में कई दुर्लभ संयोग भी बनेंगे, जिस कारण यह अवधि बेहद महत्वपूर्ण रहने वाली है। खास बात यह है कि, मकर संक्रांति के बाद देव गुरु बृहस्पति और शुक्र की शुभ स्थिति के कारण विवाह योग सक्रिय होने वाले हैं।



दरअसल, 14 जनवरी 2026 को सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे, जिसके साथ ही खरमास का समापन हो जाएगा और एक बार फिर मांगलिक कार्यों का शुभारंभ होगा। इसके बाद विवाह का सीजन पूरे जोर-शोर से शुरू होगा। ऐसे में यदि आप नए साल में शादी की योजना बना रहे हैं, तो आइए जानते हैं कि 2026 में विवाह के लिए कौन-कौन से शुभ मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे।

जनवरी के महीने में विवाह के लिए एक भी शुभ मुहूर्त नहीं रहेगा।

**फरवरी 2026 विवाह शुभ मुहूर्त**
फरवरी 5, 2026, बृहस्पतिवार
फरवरी 6, 2026, शुक्रवार
फरवरी 8, 2026, रविवार
फरवरी 10, 2026, मंगलवार
फरवरी 12, 2026, बृहस्पतिवार
फरवरी 14, 2026, शनिवार
फरवरी 19, 2026, बृहस्पतिवार
फरवरी 20, 2026, शुक्रवार
फरवरी 21, 2026, शनिवार
फरवरी 24, 2026, मंगलवार
फरवरी 25, 2026, बुधवार
फरवरी 26, 2026, बृहस्पतिवार

**मार्च 2026 विवाह शुभ मुहूर्त**
मार्च 2, 2026, सोमवार
मार्च 3, 2026, मंगलवार
मार्च 4, 2026, बुधवार
मार्च 7, 2026, शनिवार
मार्च 8, 2026, रविवार
मार्च 9, 2026, सोमवार
मार्च 11, 2026, बुधवार
मार्च 12, 2026, बृहस्पतिवार

**अप्रैल 2026 विवाह शुभ मुहूर्त**
अप्रैल 15, 2026, बुधवार
अप्रैल 20, 2026, सोमवार
अप्रैल 21, 2026, मंगलवार
अप्रैल 25, 2026, शनिवार
अप्रैल 26, 2026, रविवार
अप्रैल 27, 2026, सोमवार
अप्रैल 28, 2026, मंगलवार
अप्रैल 29, 2026, बुधवार

**मई 2026 विवाह शुभ मुहूर्त**
मई 1, 2026, शुक्रवार
मई 3, 2026, रविवार
मई 5, 2026, मंगलवार
मई 6, 2026, बुधवार
मई 7, 2026, बृहस्पतिवार
मई 8, 2026, शुक्रवार
मई 13, 2026, बुधवार
मई 14, 2026, बृहस्पतिवार

**जून 2026 विवाह शुभ मुहूर्त**
जून 21, 2026, रविवार
जून 22, 2026, सोमवार
जून 23, 2026, मंगलवार
जून 24, 2026, बुधवार
जून 25, 2026, बृहस्पतिवार
जून 26, 2026, शुक्रवार
जून 27, 2026, शनिवार
जून 29, 2026, सोमवार

**जुलाई 2026 विवाह शुभ मुहूर्त**
जुलाई 1, 2026, बुधवार
जुलाई 6, 2026, सोमवार
जुलाई 7, 2026, मंगलवार
जुलाई 11, 2026, शनिवार

**नवंबर 2026 विवाह शुभ मुहूर्त**
नवंबर 21, 2026, शनिवार
नवंबर 24, 2026, मंगलवार
नवंबर 25, 2026, बुधवार
नवंबर 26, 2026, बृहस्पतिवार

**दिसंबर 2026 विवाह शुभ मुहूर्त**
दिसंबर 2, 2026, बुधवार
दिसंबर 3, 2026, बृहस्पतिवार
दिसंबर 4, 2026, शुक्रवार
दिसंबर 5, 2026, शनिवार
दिसंबर 6, 2026, रविवार
दिसंबर 11, 2026, शुक्रवार
दिसंबर 12, 2026, शनिवार

## खबर एक नजर...

### ट्रेन से गिरे युवक की नागदा पुलिस ने बचाई जान

**उज्जैन।** रात ढाई बजे चलती ट्रेन से गिरे युवक का पैर कटकर अलग हो गया था। उसके गिरने की सूचना 2 दोस्तों द्वारा रात्रि गश्त कर रही नागदा थाना पुलिस के एसआई अरविंद गणावा, आरक्षक रणवीरसिंह और नगर सुरक्षा समिति सदस्य राजेश मोरवाल, वीरांशु को दी। सूचना मिलते ही एसआई गणावा टीम के साथ रेलवे ट्रेक पहुंचे। अंधेरे में घायल युवक की तलाश की गई। काफी दूर युवक खून से लथपथ दिखाई दिया। उसका पैर कटकर अलग हो चुका था युवक को पैर के साथ ट्रेक से 300 मीटर दूर कंधे पर उठाकर मेन रोड तक लाया गया। जहां से उसे पुलिस वाहन की मदद से जनसेवा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से युवक को उज्जैन रैफर किया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने बताया कि अगर कुछ देर और होती तो युवक की अधिक खून बहने पर मौत हो सकती थी। घायल युवक रतलाम का रहने वाला रजनीश होना सामने आया है। वह मंदसौर गया था, जहां से ट्रेन में वापस रतलाम के लिये लौट रहा था, लेकिन रात में नींद लगने पर ट्रेन रतलाम स्टेशन छोड़ नागदा तक आ गई थी। हड़बडाहट में उतरने के दौरान गिरने पर उसके साथ हादसा हो गया। घायल युवक की नागदा पुलिस की तत्परता से जान बच गई है।

### पिस्टल के साथ गिरफ्त में आया बदमाश

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के जैथल रोड पर पिस्टल लेकर घूम रहे बदमाश की सूचना मिलने पर एसआई शोभाराम किरार, एएसआई रामचन्द्र व्यास, प्रधान आरक्षक महेश मालवीय, आरक्षक नरेन्द्र मकवाना, आरक्षक जीवन कटारिया की टीम मौके पर पहुंची और उक्त बदमाश की तलाश में घेराबंदी की। बदमाश बरगद के पेड़ के पास आमरोड पर दिखाई दिया। उसने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर पकड़ लिया। बदमाश की तलाशी लेने पर उसके पास से देशी पिस्टल बरामद हुई। पूछताछ करने पर बदमाश ने अपना नाम तुषार पिता पप्पू रायकवार 19 साल निवासी कंचनपुरा मक्सीरोड होना बताया। एसआई किरार ने बताया कि पिस्टल अवैध होने पर मामले में आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है। बदमाश अवैध हथियार से किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता था। उससे पहले पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### हत्या का प्रयास करने वाले 2 जीजा को भेजा जेल

**उज्जैन।** साले को छत से नीचे फेंककर हत्या का प्रयास करने वाले 2 जीजा पुलिस की गिरफ्त में आ गये। दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि शुक्रवार रात को गांधी नगर विक्रम नगर में रहने वाले रूपेश पिता कनीराम को उसके जीजा शंकर पिता निर्भयसिंह और उसके भाई विशाल सिंह ने छत से नीचे फेंक दिया था। रूपेश गंभीर घायल हुआ था। मामले में हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया था कि रूपेश की दो बहनों की शादी शंकरलाल और उसके भाई विशाल के साथ हुई है। दोनों क्षेत्र में रहते है, शुक्रवार रात शंकरलाल और उसकी पत्नी का विवाद हो गया था। पत्नी ने फोन कर भाई रूपेश को बुलाया था। रूपेश जीजा शंकरलाल का समझाने पहुंचा था। इस दौरान उनके कहासुनी हो गई। शंकरलाल छत पर चला गया, रूपेश भी पीछा छत पर पहुंच गया। जहां कहासुनी विवाद में बदल गई और शंकर ने अपने भाई विशाल के साथ उसे छत से नीचे फेंक दिया था। थाना प्रभारी के अनुसार घटनाक्रम सामने आने के बाद दोनों जीजा को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से जेल भेजा गया है।

4 7 0

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झारड़ा में नसबंदी ऑपरेशन शिविर के दौरान

# महिला की काटी गलत नस, हालत गंभीर बनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

-2 दिन में चढ़ा 20 यूनिट खून, निजी अस्पताल में चल रहा उपचार

उज्जैन। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झारड़ा में नसबंदी ऑपरेशन शिविर के दौरान महिला की गलत नस काटने का मामला सामने आया है। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। निजी अस्पताल में दोबारा से ऑपरेशन किया गया है। महिला को 2 दिन में 20 यूनिट ब्लड चढ़ाया जा चुका है।

झारडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर 9 जनवरी को नसबंदी ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में 30 महिलाओं द्वारा नसबंदी का पंजीयन कराया था। सातवें नंबर पर ग्राम पिपलिया में रहने वाली रुकमाबाई पति जितेंद्र गायरी का ऑपरेशन होना था। दोपहर 2 बजे नसबंदी ऑपरेशन के लिए रुकमाबाई पहुंची, लेकिन देर



शाम तक उसे ऑपरेशन थिएटर से बाहर नहीं निकल गया। काफी देर होने के बाद परिजन चिंतित हो गए। डॉ. राजेंद्र उपलावदिया ने 6 बजे बाद रुकमाबाई को उज्जैन चरक अस्पताल ले जाने की बात कही। उज्जैन लेकर पहुंचे जहां चरक अस्पताल में सामने आया कि गलत नस काटने पर खून बहना बंद नहीं हो रहा है।

रुकमाबाई की हालत नाजुक देख डॉक्टरो ने चरक से भी रेफर कर दिया। महिला को निजी अस्पताल पाटीदार ले जाया गया। जहां तत्काल डॉक्टर ने दोबारा से ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान 8 बॉटल खून की आवश्यकता पड़ी। ऑपरेशन के बाद भी रुकमाबाई को खून की जरूरत पडती रही। डॉक्टर लगातार स्थिति पर नजर रखते हुए खून के साथ प्लाज्मा चढ़ते रहे। रविवार सुबह तक 20 यूनिट खून चढ़ाया जा चुका था, बावजूद महिला की हालत नाजुक बनी हुई थी और आईसीयू में उपचार चल रहा था। मामले को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल ने बताया कि चीन नसबंदी शिविर में महिला को तकलीफ होने पर उज्जैन लाया गया था। जिसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। शासकीय स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपचार की व्यवस्था कराई जा रही है, अब महिला की हालत स्थिर है। लेकिन परिजनों का कहना था कि निजी अस्पताल में उनके काफी रुपए खर्च हो चुके हैं। पति मजदूरी करता है, कुछ आभूषण और कुछ उधार लेकर उपचार कराया जा रहा है। पति का कहना था कि लापरवाही के चलते उसकी पत्नी की हालत बिगड़ी है।

# रिटायर्ड बिजली अधिकारी के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बिजली विभाग से रिटायर्ड क्लास वन अधिकारी के साथ जीवित प्रमाण पत्र ऑनलाइन भेजने के दौरान ऑनलाइन 1.8 लाख की धोखाधड़ी हो गई। खाते से रूपयों का ट्रांजेक्शन होने पर तत्काल परिवार से जुड़े अधिकारी को जानकारी दी गई। राशि का ट्रांजेक्शन होल्ड कराया दिया गया।

संत कबीर नगर में रहने वाले सुभाष पिता पुरूषोत्तम खरे 64 साल बिजली विभाग से रिटायर्ड है। अक्टूबर 2025 से उनकी पत्नी का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। जिसके चलते वह बैंक में पेंशन के लिये अपना लाइफ सर्टिफिकेट (जीवित प्रमाण पत्र) जमा करने नानाखेड़ा स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया नहीं जा पा रहे थे। उन्होंने नवम्बर 2025 में ऑनलाइन लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के लिये अपने पेंशन ग्रुप में आई हुई लिंक को ओपन किया। जिसमें बैंक का नम्बर भी मौजूद था। वह ऑनलाइन सर्टिफिकेट जमा करने की प्रक्रिया को पूरा कर पाते उससे पहले बेटी ने उन्होंने प्रक्रिया को रोक दिया और सीधे बैंक में जाने की बात कहीं। उन्होंने प्रक्रिया पूरी नहीं की और पत्नी के पास अस्पताल चले गये। कुछ घंटे बाद पता चला कि उनके खाते से 1.8 लाख का ट्रांजेक्शन हो गया। उन्होंने परिवार में शामिल पुलिस अधिकारियों को जानकारी दी। उन्होंने सायबर हेल्पलाइन पर शिकायत कर राशि होल्ड कराई। दूसरे दिन बैंक और सायबर से संपर्क कर घटनाक्रम बताया। यूनियन बैंक ने खाते से ट्रांसफर राशि का पता लगाया तो सामने आया कि उक्त राशि प्रयागराज के फूलपुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया में मोहम्मद रज्जाक के खाते में पहुंची है। उन्होंने सायबर शिकायत के बाद न्यायालय के माध्यम से होल्ड राशि प्राप्त करने का प्रयास किया। न्यायालय ने पुलिस शिकायत करने की बात कहीं। अब तक की गई राशि प्राप्त करने की प्रक्रिया में पुलिस शिकायत की जरूरत होने पर रिटायर्ड अधिकारी द्वारा नानाखेड़ा थाना पुलिस से संपर्क किया।

### उज्जैन-देवास मार्ग पर बाइक-डंपर की भिड़ंत

# पति की मौत, पत्नी और 2 बच्चे घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाइक से 2 बच्चों और पत्नी के साथ ससुराल जा रहे युवक की उज्जैन-देवास मार्ग पर डंपर से भिड़ंत हो गई। डंपर तेज रफ्तार में था, दुर्घटना के बाद युवक ने मौके पर दम तोड़ दिया। पत्नी और दोनों बच्चे गंभीर घायल हुए है।

नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर को उज्जैन-देवास मार्ग पर नाकोडाधाम कालोनी के सामने बाइक और डंपर के बीच भिड़ंत हो गई थी। बाइक पर युवक उसकी पत्नी और 2 बच्चे सवार थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दुर्घटनास्थल पहुंची। बाइक सवार युवक की मौत हो चुकी थी। उसकी पत्नी और 2 बच्चे गंभीर घायल थे। जिन्हे सबसे पहले अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं मृतक के पास मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान की गई। मृतक का नाम अर्जुन पिता गणेश आवलिया 30 साल निवासी लालपुर



होना सामने आया। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे। शव को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां घायल पत्नी का नाम ममता 27 साल और बच्चों के नाम माही 8 साल और ऋषभ 4 साल सामने आये। ममता की हालत गंभीर होने पर परिजन से निजी अस्पताल ले गये। मामले में ड्युटी कंपाउंडर की सूचना पर मर्ग कायम किया और मृतक अर्जुन का पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों से चर्चा में सामने आया कि अर्जुन पत्नी-बच्चों के साथ अपने ससुराल ग्राम क्षिप्रा जाने के लिये निकला था। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग निकला था। जिसकी तलाश शुरू की गई है।

### पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया, 5 हजार का था इनाम

# कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा था 15 माह से फरार बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

15 माह से फरार चल रहा इनामी बदमाश शनिवार शाम पुलिस गिरफ्तारी से बचने के लिये कोर्ट में सरेंडर करने पहुंच गया। खबर मिलते ही पुलिस कोर्ट पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया। जिससे पूछताछ के बाद रविवार को दोबारा कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि डेढ साल पहले ग्राम ताजपुर खुसलाखेड़ी मार्ग पर शासकीय स्कूल के पीछे कुछ बदमाशों द्वारा अवैध हथियारों के साथ बड़ी वारदात की योजना बनाने की खबर मिलने पर दबिश दी गई थी। मौके से चार बदमाशों खलील मेवाती, अहमद हुसैन, इरफान मेवाती और अबदुल्ला




खान को गिरफ्तार कर लिया था। चारों बदमाशों के 2 साथी अमजद मेवाती और इमरान उर्फ इम्मा मेवाती निवासी ताजपुर फरार हो गये थे। लगतार तलाश के बाद गिरफ्त में नहीं आने पर दोनों पर इनाम घोषित किया गया था। डेढ साल बाद शनिवार को खबर मिली कि फरार आरोपी इमरान उर्फ इम्मा कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचा है। तत्काल उसकी गिरफ्तारी के लिये एएसआई संतोष राव, प्रधान आरक्षक विनोद ठाकुर, आरक्षक अमरनाथ, पंकज पाटीदार को रवाना किया गया। कोर्ट परिसर में घेराबंदी की गई और फरार इनामी आरोपी इमरान को गिरफ्तार किया। जिसे कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये 1 दिन की रिमांड पर लिया गया। रविवार को रिमांड अवधि खत्म होने पर उसे दोबारा कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

**फरार इनामी साथी की टूटी थी टांग-** डकैती की योजना बनाने के मामले में इमरान उर्फ इम्मा के साथ अमजद पिता रहीम खान मेवाती भी फरार था। अमजद की गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित था। सोमवार शाम सर्कल भ्रमण के दौरान अमजद बाइक पर ताजपुर से उज्जैन की ओर आता दिखाई दिया था। पुलिस ने पीछा किया था, इस दौरान उसकी बाइक फिसल गई थी और टांग टूटने पर पुलिस की हिरासत में आ गया था। उसके पास से कारतूस लगी पिस्टल भी बरामद हुई थी। उससे पूछताछ के बाद इमरान की तलाश तेज कर दी गई थी। इमरान को डर था कि पुलिस उसे गिरफ्तार करने तो बहुत पिटेगी, इसी के चलते वह कोर्ट में सरेंडर करने पहुंच गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com